सीएसआईआर - प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान
CSIR - ADVANCED MATERIALS & PROCESSES RESEARCH INSTITUTE
होशंगाबाद रोड, हबीबगंज नाका के पास, भोपाल – 462 026
HOSHANGABAD ROAD, NEAR HABIBGANJ NAKA, BHOPAL – 462 026
(दूरभाष क्र./Phone No.: 2488809, 2457609, 2457615 फैक्स क्र./Fax No.:0091-0755- 2488355/2488985)
ई-मेल/E-mail: spo@ampri.res..in, वेबसाईट/Webite: www. csir.res.in

फ़ाइल क्र./File No.: PUR/EQP/55(2018-19)/ दिनांक / Date: 23.01.2019

Last Date and time for submission of e-bid:11.02.2019 **( upto 11.00 AM )**
Date and time for opening of Technical e-bid: 12.02.2019 **(11.00 AM)**

## ई-बीड के लिए निमंत्रण निविदा दस्तावेज / TENDER DOCUMENT FOR INVITATION FOR e-BIDS

1. निदेशक,सीएसआईआर -एम्प्री, भोपाल , इंडिया निम्नलिखित उपकरण की खरीद के लिए, विनिर्माताओं, उनके वितरकों और विदेशी प्रिन्सिपल के भारतीय एजेंटों (यदि हों) से "सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल " द्वारा **आनलाइन बोलियां** आमंत्रित करते हैं : Director, CSIR-CSIR-AMPRI, Bhopal, INDIA, invites e-tenders through "Central Public Procurement Portal" from manufacturers, and Indian Agent of Foreign principals, if any, for purchase of following Equipment:

| **निविदा सं/** Tender No. | उपकरण का नाम / **Name of Equipment** | संख्या **Quantity** | बिड का प्रकार **Type of Bid** | बयाना राशि /**Bid Security (EMD)** |
|---|---|---|---|---|
| Pur/EQP/55 /(2018-19) | ग्रिड एनालाइजर / **Grid Analyzer** (Specification given in Chapter 4 ) | 01 no. | **Two Bid** | NIL (With Bid Security Declaration form ) |

2. इच्छुक बोलीदाता भंडार एवं क्रय नियंत्रक कार्यालय/भंडार एवं क्रय अधिकारी के कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। Interested Bidders may obtain further information from the office of the **Stores & Purchase Officer, CSIR-AMPRI, Bhopal**.

3. निदेशक, एम्प्री, भोपाल , भारत को यह अधिकार है कि वह, कोई कारण बताए बिना, किसी या सभी निविदाओं को अंशत: या पूर्णत: स्वीकार कर सकता है, या उसके/उनके क्रम को भंग कर सकता है। The Director, CSIR-AMPRI, Bhopal, India reserves the right to accept any or all tenders either in part or in full or to split the order without assigning any reasons there for.

**Note :**

1. Kindly confirm that any material are categorized as hazardous / non-hazardous, Dangerous, Radioactive and restricted / permitted for shipment by Air. Supplier has to provide all the documents , certificate, special permission , licence required for shipment to our authorized freight forwarder. Payment of any charges, if required for obtaining Permission of shipment of any material have to be paid to freight forwarder by the supplier.
2. Indian Agent quoting on behalf of foreign principle supplier should submit a certified copy of an agreement /Memorandum of Undertaking (MoU) between both the parties alongwith their offer.
3. Foreign bidders/ Suppliers quoting directly, should submit a letter of authosation in favour of Indian Agent /representative indicating complete address, Contact persons and validity of authorization if any alongwith their offer.
4. All correspondence may be addressed to Director, CSIR-AMPRI, Bhopal only.

## CRITICAL DATE SHEET

| Sl. No. | Stage | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Publish Date & Time | 23.01.2019<br>5.00 PM |
| 2. | Last Date & time for receipt of queries | NA |
| 3. | Pre-bid Conference, if any | NA |
| 4. | Bid Submission Start Date & time | 23.01.2019<br>5.00 PM |
| 5. | Bid Submission End Date & Time | 11.02.2019<br>11.00 AM |
| 6. | Bid Opening Date & Time | 12.02.2019<br>11.00 AM |

## TENTATIVE TIME SCHEDULE OF PROCUREMENT PLANNING

| Sl. No. | Stage | Tentative Time Frame |
|---|---|---|
| 1. | Date of Bid Opening | 12.02.2019 |
| 2. | Date of Completion of Bid Evaluation | 18/02/2019 |
| 3. | Date of communication of Rejection of Bids | 25/02/2019 |
| 4. | Date of Receipt of context, if any, from Bidders | 04/03/2019 |
| 5. | Notification of Award | 08.03.2019 |

## अध्याय 1
## बोलीदाताओं के लिए अनुदेश
## विषय-सूची


| क्रम सं. | विषय-वस्तु |
|---|---|
| 1.1 | पात्र बोलीदाता |
| 1.2 | बोलीदाता की कीमत |
| 1.3 | कपट और भ्रष्टाचार |
| 1.4 | बोली दस्तावेज़ों की कीमत |
| 1.5 | बोली दस्तावेज़ों की विषय-वस्तु |
| 1.6 | बोली दस्तावेज़ों का स्पष्टीकरण |
| 1.7 | बोली दस्तावेज़ों में संशोधन |
| 1.8 | बोली की भाषा |
| 1.9 | बोली के दस्तावेज़ |
| 1.10 | बोली प्रपत्र और मूल्य अनुसूची |
| 1.11 | बोली के मूल्य |
| 1.12 | बोली की मुद्राएं |
| 1.13 | बोलीदाताओं की पात्रता और योग्यताओं को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ |
| 1.14 | माल की पात्रता और बोली दस्तावेज़ों की अनुरूपता को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ |
| 1.15 | बोली प्रतिभूति |
| 1.16 | बोलियों की वैधता अवधि |
| 1.17 | ई-बोली का फार्मेट |
| 1.19 | बोलियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा |
| 1.22 | खरीदार द्वारा बोलियां खोला जाना |
| 1.23 | गोपनीयता |
| 1.24 | बोलियों का स्पष्टीकरण |
| 1.25 | प्रारंभिक जांच |
| 1.26 | बोलियों की अनुक्रियाशीलता |
| 1.27 | अननुरूपता, भूल और लोप |
| 1.28 | निबंधन और शर्तों की जांच, तकनीकी मूल्यांकन |
| 1.29 | एकल मुद्रा में परिवर्तन |
| 1.30 | बोलियों का मूल्यांकन और उनकी तुलना |
| 1.31 | बोलियों की तुलना |
| 1.32 | खरीदार से संपर्क करना |
| 1.33 | उत्तर-योग्यता |
| 1.34 | परक्रामण |
| 1.35 | अवार्ड मानदंड |
| 1.36 | अवार्ड करते समय मात्राओं में अंतर करना खरीदार का अधिकार |
| 1.37 | किसी बोली को स्वीकार करना और किसी बोली या सभी बोलियों को अस्वीकार करना खरीदार का अधिकार |
| 1.38 | अवार्ड की अधिसूचना |
| 1.40 | आर्डर स्वीकृत करना |
| 1.41 | निष्पादन प्रतिभूति |

**CHAPTER 1**

**INSTRUCTIONS TO BIDDER**

**Table of Contents**


| Sl. No. | Contents |
|---|---|
| 1.1. | Eligible Bidders |
| 1.2. | Cost of Bidding |
| 1.3. | Fraud and Corruption |
| 1.4. | Cost of Bidding Documents |
| 1.5. | Content of Bidding Documents |
| 1.6. | Clarification of bidding documents |
| 1.7. | Amendment of Bidding Documents |
| 1.9. | Documents Comprising the Bid |
| 1.10. | Bid form and price schedule |
| 1.11. | Bid Prices |
| 1.12. | Bid Currencies |
| 1.13. | Documents Establishing Bidder's Eligibility and qualifications |
| 1.14. | Documents Establishing Goods' Eligibility And Conformity to Bidding Documents |
| 1.15. | Bid Security |
| 1.16. | Period of Validity of E-bids |
| 1.17. | Format of e-Bid |
| 1.21. | Withdrawal, substitution and Modification of E-bids |
| 1.22. | Opening of E-bids by the Purchaser |
| 1.23. | Confidentiality |
| 1.24. | Clarification of E-bids |
| 1.25. | Preliminary Examination |
| 1.26. | Responsiveness of E-bids |
| 1.27. | Non-Conformity, Error and Omission |
| 1.28. | Examination of Terms & Conditions, Technical Evaluation |
| 1.29. | Conversion to Single Currency |
| 1.30. | Evaluation and Comparison of e-bids |
| 1.31. | Comparison of E-bids |
| 1.32. | Contacting the Purchaser |
| 1.33. | Post qualification |
| 1.34. | Negotiations |
| 1.35. | Award Criteria |
| 1.36. | Purchaser's right to vary Quantities at Time of Award |
| 1.37. | Purchaser's right to accept any Bid and to reject any or all E-bids |
| 1.38. | Notification of Award |
| 1.40. | Order Acceptance |
| 1.41. | Performance Security |

# A. प्रस्तावना Introduction

1.1. **पात्र बोलीदाता Eligible Bidders**

1.1.1 बोलियों का यह आमंत्रण सभी पूर्तिकारों के लिए खुला है। This Invitation for E-bids is open to all suppliers.

1.1.2 बोलियों के इस आमंत्रण के तहत खरीदे जाने वाले माल के प्रापण के लिए, प्रयोग किए जाने वाले डिज़ाइन, विनिर्देश और अन्य दस्तावेज़ तैयार करने के लिए, परामर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए खरीदार द्वारा जिस फर्म या उसके किसी संबंधन को कार्य पर नियोजित किया गया है, बोलीदाता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उससे जुड़े नहीं होने चाहिए, या वे पहले उससे जुड़े न रहे हों। Bidders should not be associated, or have been associated in the past, directly or indirectly, with a firm or any of its affiliates which have been engaged by the Purchaser to provide consulting services for the preparation of the design, specifications, and other documents to be used for th e procurement of the goods to be purchased under this Invitation of E-bids.

1.2. **बोली की कीमत Cost of Bidding**

1.2.1 बोलीदाता अपनी बोली तैयार करने और उसे प्रस्तुत करने से संबंधित पूरी कीमत स्वयं वहन करेगा। बोली प्रक्रिया का संचालन या परिणाम चाहे कुछ भी क्यों न हो, "खरीदार" इन कीमतों के लिए किसी भी मामले में उत्तरदायी या दायी नहीं होगा। The Bidder shall bear all costs associated with the preparation and submission of its bid, and "the Purchaser", will in no case be responsible or liable for these costs, regardless of the conduct or outcome of the bidding process.

1.3. **कपट और भ्रष्टाचार Fraud and corruption:**

1.3.1 खरीदार की यह अपेक्षा है कि बोलीदाता/पूर्तिकार/संविदाकार इन संविदाओं के प्रापण और निष्पादन के समय पूर्ण सदाचार का पालन करें। इस नीति के अनुसरण में, निम्नलिखित को परिभाषित किया जाता है :

"भ्रष्टाचार" से तात्पर्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी ऐसी महत्त्वपूर्ण चीज़ देने और प्राप्त करने, या किसी ऐसी महत्त्वपूर्ण चीज़ की याचना करने से है, जो प्रापण क्रिया या संविदा निष्पादन में सरकारी कर्मचारी के कार्य को प्रभावित करे;

"कपटपूर्ण आचरण" से तात्पर्य प्रापण प्रक्रिया या संविदा निष्पादन को प्रभावित करने के लिए तथ्यों के अन्यथा-कथन या लोप से है;

"दुस्संधिपूर्ण आचरण" से तात्पर्य दो या दो से अधिक बोलीदाताओं के बीच की उस स्कीम या व्यवस्था से है, जिसे बोली मूल्यों को बनावटी और गैर-प्रतिस्पर्धी स्तरों पर प्रमाणित करने के लिए बनाया या किया जाए, जिसके बारे में खरीदार को जानकारी हो या उसे जानकारी न हो; और

"प्रपीड़क आचरण" से तात्पर्य व्यक्तियों या उनकी संपत्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानि पहुंचाने या हानि पहुंचाने की धमकी देने से है, जिससे कि प्रापण प्रक्रिया में उनकी सहभागिता या संविदा निष्पादन को प्रभावित किया जा सके।

The purchaser requires that the *bidders* suppliers and contractors observe the highest standard of ethics during the procurement and execution of such contracts. In pursuit of this policy, the following are defined:

"corrupt practice" means the offering, giving, receiving, or soliciting, directly or indirectly, of anything of value to influence the action of a public official in the procurement process or in contract execution;

"fraudulent practice" means a misrepresentation or omission of facts in order to influence a procurement process or the execution of a contract;

"collusive practice" means a scheme or arrangement between two or more bidders, with or without the knowledge of the purchaser, designed to establish bid prices at artificial, noncompetitive levels; and

"coercive practice" means harming or threatening to harm, directly or indirectly, persons or their property to influence their participation in the procurement process or affect the execution of a contract;

1.3.2 जिस बोलीदाता ने संविदा प्रदान किए जाने के संबंध में सिफारिश की है, यदि उसके संबंध में खरीदार का यह निश्चय होगा कि वह विचाराधीन संविदा के लिए प्रतिस्पर्धा करने में प्रत्यक्ष रूप से या किसी एजेंट के माध्यम से भ्रष्ट, कपटपूर्ण, दुस्संधिपूर्ण या प्रपीड़क आचरणों में संलग्न है, तो खरीदार संविदा प्रदान किए जाने के उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देगा।The purchaser will reject a proposal for award if it determines that the Bidder recommended for award has, directly or through an agent, engaged in corrupt, fraudulent, collusive or coercive practices in competing -for the Contract in question;

## B. बोली दस्तावेज The Bidding Documents

1.5. **बोली दस्तावेज़ों की विषय-वस्तु :Content of Bidding Documents**

1.5.1 अपेक्षित माल, बोली प्रक्रियाओं और संविदा शर्तों का निर्धारण बोली दस्तावेज़ों में किया गया है, जिन्हें संयुक्त रूप से पढ़ा जाना चाहिए। बोलियों के लिए आमंत्रण के अलावा, बोली दस्तावेज़ों को निम्नलिखित आठ अध्यायों में विभाजित किया गया है:

The goods required, bidding procedures and contract terms are prescribed in the bidding documents which should be read in conjunction. The bidding documents, apart from the invitation for e-bids have been divided into 8 chapters as under:

| | | |
|---|---|---|
| Chapter 1 | : | बोलीदाताओं के लिए अनुदेश (आईटीबी) IInstructions to Bidder (ITB) |
| Chapter 2: | | संविदा की सामान्य शर्तें (जीसीसी) और संविदा की विशेष शर्तें (एससीसी) General Conditions of Contract (GCC) and Special Conditions of Contract (SCC) |
| Chapter 3 | | अपेक्षाओं की अनुसूची Schedule of Requirements |
| Chapter 4: | | विनिर्देशन और मिश्रित तकनीकी ब्योरे Specifications and Allied Technical Details |
| Chapter 5 | : | मूल्य अनुसूची प्रपत्र Price Schedule Forms |
| Chapter 6 | : | योग्यता संबंधी अपेक्षाएं Qualification requirements |
| Chapter 7 | : | संविदा प्रपत्र Contract Form |
| Chapter 8 | | अन्य मानक प्रपत्र, जिनमें निम्नलिखित प्रपत्र होंगे Other Standard Forms comprising: |

(a ) बोलीदाता से संबंधित सूचना प्रपत्र Bidder Information Form

(b) विनिर्माता का प्राधिकार प्रपत्र (एमएएफ);Manufacturer's Authorization Form (MAF);

(c) बोली प्रतिभूति प्रपत्र Bid Security Form

(d) निष्पादन विवरण प्रपत्र Performance Statement form

(e) विचलन विवरण प्रपत्र Compliance cum Deviation Statement Form;

(f) सेवा समर्थन संबंधी ब्योरे Service Support details;

(g) बोली प्रपत्र Bid form

(h) निष्पादन प्रतिभूति प्रपत्र Performance Security Form;

(i) स्वीकृति प्रमाणपत्र संबंधी प्रपत्र Acceptance Certificate Form

(j) □□□□ □□□□ / Check List

(k) □ – □□□□□□ □□□□□□ □□□□□ /E-payment Details Format

1.5.2 बोलीदाता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह बोली दस्तावेज़ों के सभी अनुदेशों, प्रपत्रों, शर्तों और विनिर्देशनों की जांच कर ले। यदि बोली दस्तावेज़ में अपेक्षित समस्त सूचना प्रस्तुत नहीं की जाएगी, अथवा यदि बोली का प्रस्तुतीकरण बोली दस्तावेज़ों के प्रति हर दृष्टि से पूर्णत: अनुक्रियाशील नहीं होगा, तो यह बोलीदाता का ही जोखिम होगा, और इसके परिणामस्वरूप उसकी बोली को अस्वीकार किया जा सकता है।

The Bidder is expected to examine all instructions, forms, terms, and specifications in the bidding documents. Failure to furnish all information required by the bidding documents or submission of a bid not substantially responsive to the bidding documents in every respect will be at the Bidder's risk and may result in rejection of its bid.

1.6. **बोली दस्तावेज़ों का स्पष्टीकरण** Clarification of bidding documents

1.6.1 जिस भावी बोलीदाता को बोली दस्तावेज़ों के किसी स्पष्टीकरण की ज़रूरत होगी, वह संविदा की विशेष शर्तों में विनिर्देशित खरीदार के पते पर लिखित में खरीदार से संपर्क करेगा। खरीदार स्पष्टीकरण के अनुरोध का लिखित में उत्तर देगा, बशर्ते कि वह अनुरोध बोली प्रस्तुत करने की समय-सीमा से पहले 10 दिन के भीतर प्राप्त हो। खरीदार, बोली दस्तावेज़ प्राप्त करने के स्रोत का पता लगाए बिना, उन सभी बोलीदाताओं को, जांच के विवरण सहित, अपने उत्तर की प्रतियां अग्रेषित करेगा, जिन्होंने सीधे उससे बोली दस्तावेज़ प्राप्त किए हैं। यदि खरीदार स्पष्टीकरण के परिणामस्वरूप बोली दस्तावेज़ों में संशोधन करना आवश्यक समझेगा, तो वह बोली दस्तावेज़ों के संशोधन और बोली प्रस्तुत किए जाने की समय-सीमा से संबंधित खंडों में विनिर्देशित प्रक्रिया के अनुसार ही उनमें संशोधन करेगा। जारी किए गए ये स्पष्टीकरण अन्य भावी बोलीदाताओं के लाभार्थ खरीदार की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे।

A prospective Bidder requiring any clarification of the Bidding Documents shall contact the Purchaser in writing at the Purchaser's address specified in the Special Conditions of Contract (SCC) . The Purchaser will respond in writing to any request for clarification, provided that such request is received no*t* later than ten (10) days prior to the deadline for submission of e-bids. The Purchaser shall forward copies of its response to all those who have acquired the Bidding Documents directly from it, including a description of the inquiry but without identifying its source. Should the Purchaser deem it necessary to amend the Bidding Documents as a result of a clarification, it shall do so following the procedure under *clause* relating to amendment of Bidding documents and Clause relating to Deadline for Submission of E-bids. The clarifications and amendments issued would also be hosted on the website o f the purchaser for the benefit of the other prospective bidders.

1.7. **बोली दस्तावेज़ों का संशोधन** **Amendment of Bidding Documents**

1.7.1 खरीदार बोली प्रस्तुत करने की समय-सीमा से पहले किसी भी समय, किसी कारणवश, अपनी पहल से या भावी बोलीदाता द्वारा अपेक्षित स्पष्टीकरण के उत्तरस्वरूप, संशोधन कर बोली दस्तावेज़ों को आशोधित कर सकता है।

At any time prior to the deadline for submission of e-bids, the Purchaser may, for any reason, whether at its own initiative or in response to a clarification requested by a prospective bidder, modify the bidding documents by amendment.

1.7.2 जिन भावी बोलीदाताओं ने बोली दस्तावेज़ प्राप्त किए हैं, उन्हें आशोधन लिखित में या केबल या फैक्स या ई-मेल द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे और वे उनके लिए बाध्यकारी होंगे। ये आशोधन खरीदार की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। इसलिए सभी भावी बोलीदाताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इन आशोधनों की जानकारी प्राप्त करने के लिए, अपनी बोलियां प्रस्तुत करने से पहले खरीदार की वेबसाइट का अवलोकन अवश्य कर लें।

All prospective bidders who have received the bidding documents will be notified of the amendment in writing or by cable or by fax, or by e mail and will be binding on them. The same would also be hosted on the website of the purchaser and all prospective bidders are expected to surf the website before submitting their e-bids to take cognizance of the amendments.

1.7.3 खरीदार बोलियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा में स्वविवेक से वृद्धि कर सकता है और किए गए आशोधनों को अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा सकता है, जिससे कि अपनी बोलियां तैयार करते समय भावी बोलीदाताओं को, उन आशोधनों को अपनी बोलियों में समावेशित करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

In order to allow prospective bidders reasonable time to take the amendment into account, *while* in preparing their e-bids, the Purchaser, at its discretion, may extend the deadline for the submission of e-bids and host the changes on the website of the purchaser.

**1.9. बोली के दस्तावेज़ Documents Comprising the Bid**

1.9.1 बोलीदाता द्वारा तैयार की जाने वाली बोली में निम्नलिखित दस्तावेज़ होंगे The bid prepared by the Bidder shall include:

(a) बोलीदाता से संबंधित सूचना प्रपत्र Bidder Information Form

(b) बोलियों के लिए आमंत्रण में यथाविनिर्देशित बोली प्रतिभूति Bid security as specified in the Invitation to E-bids.

(c) सेवा समर्थन ब्योरों से संबंधित प्रपत्र Service support details form;

(d) विचलन विवरण प्रपत्र Compliance cum Deviation Statement Form;

(e) निष्पादन विवरण प्रपत्र Performance Statement Form;

(f) विनिर्माता प्राधिकार प्रपत्र Manufacturer's Authorization Form.

(g) यदि बोलीदाता की बोली स्वीकृत की जाए, तो यह प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज़ी साक्ष्य कि बोलीदाता बोली लगाने का पात्र है और वह संविदा निष्पादन के लिए योग्य है।Documentary evidence establishing that the bidder is eligible to bid and is qualified to perform the contract if its bid is accepted.

(h) माल की पात्रता और बोली दस्तावेज़ों की अनुरूपता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ Documents establishing goods eligibility and conformity to bidding documents.

(i) यदि प्रापण की मदें भारत सरकार की चालू निर्यात - आयात नीति की प्रतिबंधित श्रेणी में आती हों, तो डीजीएस एवं डी का पंजीकरण प्रमाणपत्र।DGS&D Registration certificate in case the items under procurement falls under the restricted category of the current export-import policy of the Govt. of India.

(j) बोली प्रपत्र Bid form.

(k) लागू मूल्य अनुसूची प्रपत्र Applicable Price Schedule Form.

**Documents to be submitted along with:Chapter 8- 1) Tech. Bid** : Form (**a**) to (k) **2)Price Bid** :Chapter -5 Price Schedule Form

**1.10. <u>बोली प्रपत्र और मूल्य अनुसूची</u> Bid form / price schedule**

1.10.1 बोलीदाता बोली दस्तावेज़ों में प्रस्तुत बोली प्रपत्र और उचित मूल्य अनुसूची प्रपत्र भरेगा। ये प्रपत्र अपने फार्मेट में कोई परिवर्तन किए बिना ही भरे जाने चाहिए, यदि उनमें कोई परिवर्तन किए जाएंगे, तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी रिक्त स्थानों में वही सूचना भरी जानी चाहिए, जिसे भरे जाने का अनुरोध किया गया है।

The bidder shall complete the Bid Form / the appropriate price schedule form furnished in the bidding documents. These forms must be completed without any alterations to its format and no substitutes shall be accepted. All blank spaces shall be filled in with the information requested.

1.11. **<u>बोली मूल्य</u> :<u>Bid Prices</u>**

1.11.1 बोलीदाता उचित मूल्य अनुसूची प्रपत्र में माल के उन्हीं यूनिट मूल्यों और कुल बोली मूल्यों का उल्लेख करेगा, जिनकी संविदा के अधीन पूर्ति किए जाने का उसका प्रस्ताव होगा। The Bidder shall indicate on the appropriate price schedule form, the unit prices and total bid prices of the goods it proposes to supply under the contract.

1.11.2 उचित मूल्य अनुसूची प्रपत्र में उल्लिखित मूल्यों की प्रविष्टि निम्नलिखित तरीके से अलग से की जाएगी: Prices indicated on the price-schedule form shall be entered separately in the following manner:

**(a) भारत में विनिर्मित माल के संबंध में: For Goods manufactured within India**

*(i)* पूर्वत: प्रदत्त कर सहित एक्स-वर्क्स उद्धृत माल का मूल्य। The price of the goods quoted Ex -works including taxes already paid.

(ii) संविदा प्रदान किए जाने पर, माल पर देय वैट और अन्य कर, जैसे उत्पाद शुल्क आदि। VAT and other taxes like excise duty etc. which will be payable on the goods if the contract is awarded.

a. मूल्य अनुसूची प्रपत्र में यथानिर्देशित, वांछित गंतव्य पर माल के वितरण के लिए अंतर्देशीय परिवहन, बीमा और अपेक्षित अन्य स्थानीय सेवाओं के प्रभार। The charges for inland transportation, insurance and other local services required for delivering the goods at the desired destination as specified in the price schedule form.

b. संस्थापन, प्रारंभन और प्रशिक्षण प्रभार, जिसमें अनुषंगी सेवाएं भी शामिल हैं। The installation, commissioning and training charges including any incidental services, if any. **(as per chapter 3)**

**(b) विदेश में विनिर्मित माल के संबंध में :For Goods manufactured abroad**

(i) मूल्य अनुसूची प्रपत्र में यथा-विनिर्देशित, एफसीए (विदेश में वितरण का नामित स्थान) या एफओबी (नौ-वहन का नामित पत्तन) पर उद्धृत माल का मूल्य। The price of the goods, quoted on FCA/FOB , as specified in the price schedule form.

(ii) गंतव्य स्थान/पत्तन पर माल के बीमा और परिवहन संबंधी प्रभार। The charges for insurance and transportation of the goods to the Airport/place of destination.

(iii) एजेंसी कमीशन प्रभार, यदि कोई हों। The agency commission charges, if any.

(iv) अधिष्ठापन, प्रारंभन और प्रशिक्षण प्रभार, जिसमें अनुषंगी सेवाएं भी शामिल हैं। The installation, commissioning and training charges including any incidental services, if any

1.11.3 एफओबी, एफसीए आदि शब्द इंटरनेशनल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, पैरिस द्वारा प्रकाशित इंकोटर्म्स के वर्तमान संस्करण में निर्धारित नियमों से नियंत्रित होंगे। The terms FCA/FOB etc shall be governed by the rules prescribed in the current edition of the Incoterms published by the International Chambers of Commerce, Paris.

1.11.4 जिस प्रस्ताव में पैकिंग, अग्रेषण, भाड़ा, बीमा प्रभारों, करों आदि का उल्लेख नहीं होगा, उसे अपूर्ण मानकर अस्वीकार कर दिया जाएगा। Where there is no mention of packing, forwarding, freight, insurance changes, taxes etc. such offer shall be rejected as incomplete.

1.11.5 उद्धृत मूल्य संविदा अवधि में स्थिर ही रहेंगे, उनमें किसी भी कारण से कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। The price quoted shall remain fixed during the contract period and shall not vary on any account

1.11.5 सभी लॉटों और मदों को सूचीबद्ध किया जाना चाहिए और उनकी मूल्य अनुसूची में अलग से कीमतें निर्धारित की जानी चाहिए। जिस मूल्य-अनुसूची में मदें सूचीबद्ध होंगी, लेकिन उसमें उनकी कीमतों का अलग से निर्धारण नहीं किया गया होगा, तो यह माना जाएगा कि उसमें उनकी कीमतें अन्य मदों की

कीमतों में ही शामिल हैं। जो लॉट या मदें मूल्य अनुसूची में सूचीबद्ध नहीं होंगी, तो यह माना जाएगा कि उसमें उन्हें बोली में शामिल नहीं किया जाना है।

All lots and items must be listed and priced separately in the Price Schedules. If a Price Schedule shows items listed but not priced, their prices shall be assumed to be included in the prices of other items. Lots or items not listed in the Price Schedule shall be assumed to be not included in the bid.

1.11.6 खरीदार द्वारा वैज्ञानिक प्रयोजन के लिए की गई खरीद उद्ग्रहणीय रियायती दर पर उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क से मुक्त हैं। The purchases made by the purchaser for scientific purpose are exempt from excise duty and Custom Duty at a concessional rate is leviable.

1.12. **<u>बोली मुद्राएं</u> <u>Bid Currencies</u>**

1.12.1 भारत में पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के संबंध में मूल्य भारतीय रुपयों में और विदेशों से पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के संबंध में मुक्त रूप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में उद्धृत किए जाएंगे। Prices shall be quoted in Indian Rupees for offers received for supply within India and in freely convertible foreign currency in case of offers received for supply from foreign countries.

1.13. **<u>बोलीदाता की पात्रता और योग्यता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज</u> <u>Documents Establishing Bidder's Eligibility and qualifications</u>**

1.13.1 यदि बोलीदाता की बोली स्वीकार कर ली जाएगी, तो वह अपनी बोली के भाग के रूप में, बोली के लिए बोलीदाता की पात्रता और संविदा निष्पादन की अपनी योग्यता को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ प्रस्तुत करेगा।
The bidder shall furnish, as part of its bid, documents establishing the bidders' eligibility to bid and its qualification to perform the contract if its bid is accepted.

1.13.2 बोली को स्वीकार कर लिए जाने पर, बोलीदाता की संविदा निष्पादन की योग्यता के दस्तावेज़ी साक्ष्य से खरीदार को यह संतुष्टि होगी कि -
The documentary evidence of the bidders qualification to perform the contract if the bid is accepted shall establish to the purchasers satisfaction that;

(क) बोलीदाता बोली दस्तावेज़ में उल्लिखित योग्यता मापदंड को पूरा करता है।

(ख) जो बोलीदाता अपने प्रस्ताव में उल्लिखित माल का विनिर्माण स्वयं नहीं करता है, वह बोली दस्तावेज़ों में विनिर्देशित प्रपत्र में विनिर्माता प्राधिकरण पत्र प्रस्तुत करेगा, जिससे कि यह प्रदर्शित किया जा सके कि उसेमाल को उद्रधृत करने और/या उसकी पूर्ति करने के लिए माल के विनिर्माता द्वारा विधिवत प्राधिकृत किया गया है।

(ग) यदि बोलीदाता भारत में व्यवसाय नहीं कर रहा है, तो वह इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि उसका प्रतिनिधित्व भारत में उसके किसी एजेंट द्वारा किया जाएगा, जो वारंटी और वारंटी-पश्चात अवधि में पूर्ति, अनुरक्षण, मरम्मत संबंधी दायित्वों आदि के निष्पादन की कार्यस्थल पर प्रक्रिया सुनिश्चित करेगा।

(a) The bidder meets the qualification criteria listed in bidding documents, if any.

(b) Bidder that doesn't manufacture the goods it offers to supply shall submit toManufacturers' Authorization Form (MAF) using the form specified in the bidding document to demonstrate that it has been duly authorized by the manufacturer of the goods to quote and/or supply the goods.

(c ) In case a bidder not doing business within India,it shall furnish the certificate to the effectthat the bidder is or will be represented by an agent in India equipped and able to carry out the supply, maintenance, repair obligations etc. during the warranty and post-warranty period or ensure a mechanism at place for carrying out the supply, maintenance, repair obligations etc. during the warranty and post-warranty period.

1.13.3 सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी । Conditional tenders shall not be accepted

1.14. **माल की पात्रता और बोली दस्तावेज़ों की अनुरूपता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ Documents Establishing Goods' Eligibility and Conformity to Bidding Documents**

1.14.1 माल की पात्रता प्रमाणित करने के लिए, माल और सेवाओं के पात्रता संबंधी दस्तावेज़ी साक्ष्य में, प्रदत्त माल और सेवाओं के मूल देश के विषय में विवरण होगा, जिसकी पुष्टि नौ-वहन के समय मूल स्थान प्रमाणपत्र द्वारा की जाएगी।
To establish the goods' eligibility, the documentary evidence of the goods and services eligibility shall consist of a statement on the country of origin of the goods and services offered which shall be confirmed by a certificate of origin at the time of shipment.

1.14.2 बोली दस्तावेज़ों की अपेक्षाओं से संबंधित अनुसूची और विनिर्देशनों के अनुरूप माल और सेवाओं की अनुरूपता प्रमाणित करने के लिए, बोली दस्तावेज़ों के माल और सेवाओं की अनुरूपता का दस्तावेज़ी साक्ष्य साहित्य, ड्राइंगों और आंकड़ों के रूप में होगा और उसमें निम्नलिखित चीजें होंगी :To establish the conformity of the goods and services to the specifications and schedule of requirements of the bidding document, the documentary evidence of conformity of the goods and services to the bidding documents may be in the form of literature, drawings and data, and shall consist of:

(क) माल की तकनीकी और निष्पादन संबंधी आवश्यक विशेषताओं से संबंधित विस्तृत विवरण।

(ख) मूल्य निर्धारित बोली में खरीदार द्वारा माल का प्रयोग शुरू किए जाने के बाद, वारंटी अवधि में माल की समुचित एवं निरंतर कार्यशीलता के लिए आवश्यक अतिरिक्त पुर्जों, विशेष उपकरणों आदि के उपलब्ध स्रोतों और उनके वर्तमान मूल्यों - सहित पूर्ण विवरण दर्शाने वाली सूची।

(ग) खरीदार के तकनीकी विनिर्देशनों के विषय में मद-वार टिप्पणी, जिसमें उन विनिर्देशनों के अनुरूप माल और सेवाओं की मूलभूत अनुक्रियाशीलता का उल्लेख किया जाए, या उन तकनीकी विनिर्देशनों के प्रावधानों से संबंधित विचलनों और अपवादों के विषय में विवरण प्रस्तुत किया जाए।

(a) A detailed description of the essential technical and performance characteristics of the goods;

(b) A list giving full particulars, including available sources and current prices, of spare parts, special tools, etc., necessary for the proper and continuing functioning of the goods during the warranty period following commencement of the use of the goods by the Purchaser in the Priced-bid ; and

(c) An item-by-item commentary on the Purchaser's Technical Specifications demonstrating substantial responsiveness of the goods and services to those specifications or a statement of deviations and exceptions to the provisions of the Technical Specifications.

1.14.3 उपर्युक्त के अनुसार प्रस्तुत की जाने वाली टिप्पणी के संबंध में, बोलीदाता इस तथ्य पर ध्यान देंगे कि अपने तकनीकी विनिर्देशनों में खरीदार द्वारा नामोद्दिष्ट कारीगरी, सामग्री और उपस्कर के मानकों का विवरणात्मक होना आवश्यक है, नियामक होना नहीं। बोलीदाता अपनी बोली में इनका प्रतिस्थापन कर सकता है, बशर्ते कि उससे खरीदार की यह संतुष्टि हो कि उसके प्रतिस्थापन उन मानकों के पूर्णत:समतुल्य हैं,जिन्हें उसने अपने तकनीकी विनिर्देशनों में नामोद्दिष्ट किया है ।For purposes of the commentary to be furnished pursuant to above, the Bidder shall note that standards for workmanship,

material and equipment, designated by the Purchaser in its Technical Specifications are intended to be descriptive only and not restrictive. The Bidder may substitute these in its bid, provided that it demonstrates to the Purchaser's satisfaction that the substitutions ensure substantial equivalence to those designated in the Technical Specifications.

1.15. **बोली प्रतिभूति :Bid Security**

1.15.1 बोलीदाता अपनी बोली के भाग के रूप में, बोलियों के लिए आमंत्रण में यथा-विनिर्देशित राशि की बोली प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा। विदेशी बोलीदाताओं के मामले में, बोली प्रतिभूति स्वामी या उसके भारतीय एजेंट द्वारा प्रस्तुत की जाएगी तथा देशी बोलीदाताओं के मामले में, यह बोली प्रतिभूति विनिर्माताओं या उनके विशेषत: प्राधिकृत डीलरों/बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। The Bidder shall furnish, as part of its bid, a bid security (BS) for an amount as specified in the Invitation for E-bids. In the case of foreign bidders , the BS shall be submitted either by the principal or by the Indian agent and in the case of indigenous bidders, the BS shall be submitted by the manufacturer or their specifically authorized dealer/bidder.

1.15.2 यह बोली प्रतिभूति बोलीदाता के आचरणगत जोखिम से खरीदार की संरक्षा करने के लिए अपेक्षित है, जिसमें इस आशय की वारंटी होगी कि उस स्थिति में प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी। The bid security is required to protect the Purchaser against the risk of Bidder's conduct, which would warrant the security's forfeiture.

1.15.3 यह बोली प्रतिभूति भारत में पूर्ति के लिए प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में भारतीय रुपयों में होगी और उसके मूल्य को बोली की मुद्रा में आंका जाएगा, अथवा विदेशों से पूर्ति के लिए प्राप्त प्रस्तावों के मामले में यह बोली प्रतिभूति पूर्णत: परिवर्तनीय

विदेशी मुद्रा में होगी, जो भारतीय रुपयों के समतुल्य होगी। यह प्रतिभूति बोलीदाताओं के विकल्प के अनुसार निम्नलिखित में से किसी एक रूप में होगी: The bid security shall be in Indian Rupees for offers received for supply within India and denominated in the currency of the bid or in any freely convertible foreign exchange in the case of offers received for supplies from foreign countries in equivalent Indian Rupees. The bid security shall be in one of the following forms at the bidders' option:

(a) बोली दस्तावेज़ों में प्रदत्त प्रपत्र में, भारत में प्रचालित किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक/विदेशी बैंक द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी के रूप में, जो बोली की वैधता अवधि के बाद 45 दिन तक वैध हो। यदि बोलीदाता किसी विदेशी बैंक द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी प्रस्तुत करना चाहे, तो उसकी पुष्टि किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित भारतीय बैंक द्वारा की जानी चाहिए; अथवा A bank guarantee issued by a Nationalized/Scheduled bank/Foreign Bank operating in India in the form provided in the bidding documents and valid for 45 days beyond the validity of the bid. In case a bidder desires to submit a BG issued from a foreign bank, then the same should be confirmed by a Nationalised /Scheduled Indian bank; or

(b) प्रयोगशाला/संस्थान के पक्ष में गिरवी रखी गई सावधि जमा रसीद। Fixed Deposit receipt pledged in favor of the Lab./Institute.

(c) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित भारतीय बैंक द्वारा खरीदार के पक्ष में जारी किए गए बैंक चैक या मांग ड्राफ्ट। A Banker's cheque or demand draft in favour of the purchaser issued by any Nationalised/Scheduled Indian bank.

1.15.4 यदि आईटीबी के खंड 1.15.11 में उल्लिखित शर्तों का अवलंबन लिया जाएगा, तो खरीदार द्वारा लिखित मांग किए जाने पर यह बोली प्रतिभूति तत्काल देय हो जाएगी। The bid security shall be payable promptly upon written demand by the purchaser in case the conditions listed in the ITB clause 1.15.11 are invoked.

1.15.5 यह बोली प्रतिभूति अपने मूल रूप में ही प्रस्तुत की जानी चाहिए।
The bid security should be submitted in its original form. Copies shall not be accepted. So as to reach this office on or before due date of submission of e-bid

1.15.6 हालांकि बोली प्रतिभूति (बयाना जमा) एक आवश्यकता है, तथापि प्रयोगशाला/संस्थान के निदेशक कुछेक विशेष उन पक्षकारों को बोली प्रतिभूति से छूट प्रदान कर सकते हैं, जिनके प्रत्यय पत्र उत्तम हों और जो राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लब्धप्रतिष्ठ हों। While Bid security (EMD) is a requirement, the Director of the Lab./Instt may grant exemption of Bid security to some specific parties having sound credentials and are of national/international repute.

1.15.7 असफल बोलीदाताओं की बोली प्रतिभूति, बोली की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद 15 दिन की अवधि के भीतर या आदेश जारी किए जाने के बाद, इनमें से जो भी बाद में हो, बिना ब्याज के यथाशीघ्र डिस्चार्ज कर दी जाएगी/लौटा दी जाएगी। The bid security of unsuccessful bidder will be discharged /returned as promptly as possible positively within a period of 15 days after the expiration of the period of bid validity or placement of order which ever is later, without any interest.

1.15.8 सफल बोलीदाता की बोली प्रतिभूति बोलीदाता के द्वारा निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत किए जाने पर डिस्चार्ज की जाएगी और उस पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। विकल्पत:, बोली प्रतिभूति की व्यक्तिगत प्रतिभूति से समायोजित भी किया जा सकता है, यदि उसका भुगतान मांग ड्राफ्ट/बैंक चैक से किया जाए। The successful Bidder's bid security will be discharged upon the Bidder furnishing the performance security, without any interest. Alternatively, the BS could also be adjusted against PS, if it is paid through DD/BC.

1.15 .9 जो फर्म डीजीएस एवं डी, एनएसआईसी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों और सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं/संस्थानों के साथ पंजीकृत हैं, उन्हें बोली प्रतिभूति के भुगतान से छूट है, बशर्ते कि उस पंजीकरण में वे मदें भी हों, जिनका वे प्रस्ताव दे रहे हैं, जो उनके द्वारा विनिर्मित हैं; अन्य कंपनियों द्वारा विनिर्मित विक्रय उत्पादों के संदर्भ में बोली प्रतिभूति के भुगतान से छूट नहीं है। The firms registered with DGS&D, NSIC, Govt. Public Undertakings, Central Autonomous Bodies and with the CSIR Labs./Instts, if any, are exempted from payment of BS provided such registration includes the item they are offering which are manufactured by them and not for selling products manufactured by other companies.

1.15.11 **बोली प्रतिभूति निम्नलिखित स्थितियों में जब्त की जा सकती है : The bid security may be forfeited:**

(a) बोलीदाता के द्वारा बोली प्रपत्र में विनिर्देशित बोली की वैधता अवधि में, यदि बोलीदाता द्वारा अपनी बोली को वापस ले लिया जाए या उसमें आशोधन कर दिया जाए या उसे कम कर दिया जाए या घटा दिया जाए; अथवा If a Bidder withdraws or amends or impairs or derogates its bid during the period of bid va lidity specified by the Bidder on the Bid Form; or

(b) सफल बोलीदाता के मामले में, यदि बोलीदाता आदेश के 15 दिन के भीतर आदेश की स्वीकृति प्रस्तुत न करे, या वह संविदा पर हस्ताक्षर न करे और/या संविदा/आदेश की तारीख से 21 दिन के भीतर निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत न करे। In case of a successful Bidder, if the Bidder fails to furnish order

acceptance within 15 days of the order or fails to sign the contract and/or fails to furnish Performance Security within 21 days from the date of contract/ order.

1.16. **बोलियों की वैधता अवधि Period of Validity of E-bids**

1.16.1 बोलियां खरीदार द्वारा निर्धारित बोली खोलने की तारीख के बाद 90 दिन की न्यूनतम अवधि तक वैध रहेंगी। जो बोली इससे कम अवधि तक वैध होगी, उसे अनुक्रियाशीलतारहित मानकर खरीदार द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा। E-bids shall remain valid for minimum of **90** days after the date of bid opening prescribed by the Purchaser. A bid valid for a shorter period shall be rejected by the Purchaser as non-responsive.

1.16.2 अपवादात्मक परिस्थितियों में, खरीदार वैधता अवधि बढ़ाए जाने के लिए बोलीदाता की सहमति प्राप्त करने का अनुरोध कर सकता है। उसका अनुरोध और उसका उत्तर लिखित में (या केबल, टेलेक्स, फैक्स या ई-मेल द्वारा) प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदत्त बोली प्रतिभूति की अवधि उपयुक्त रूप से बढ़ाई जाएगी।

बोलीदाता अपनी बोली प्रतिभूति को जब्त कराए बिना उस अनुरोध से इनकार कर सकता है। जो बोलीदाता अनुरोध को स्वीकार करेगा, उसे अपनी बोली में आशोधन की आवश्यकता नहीं होगी और न उसे इसकी अनुमति ही दी जाएगी।

In exceptional circumstances, the Purchaser may solicit the Bidder's consent to an extension of the period of validity. The request and the responses thereto shall be made in writing (or by cable, telex, fax or e-mail). The bid security provided shall also be suitably extended. A Bidder may refuse the request without forfeiting its bid security. A Bidder granting the request will not be required nor permitted to modify its bid.

1.16.3 बोली का मूल्यांकन उपर्युक्त संशोधनों पर विचार किए बिना, बोली के मूल्यों के आधार पर ही किया जाएगा। Bid evaluation will be based on the bid prices without taking into consideration the above corrections.

1.17. **बोली का फॉर्मेट :Format of Bid**

1.17.3 यदि बोलियां दो-बोली प्रणाली के आधार पर आमंत्रित की जाएंगी, तो बोलीदाता बोलियां दो अलग-अलग भागों में तैयार करेगा। एक भाग में तकनीकी बोली होगी, जिसमें बोली प्रपत्र और मूल्य अनुसूची को छोड़कर, बोली के दस्तावेज़ों से संबंधित खंड में उल्लिखित सभी दस्तावेज़ होंगे। दूसरे भाग में मूल्य निर्धारित बोली होगी, जिसमें बोली प्रपत्र और मूल्य अनुसूची होंगे। बोलीदाता बोली की दो प्रतियां तैयार करेगा और उन पर उपयुक्त रूप से "मूल बोली" और "प्रतिबोली" अंकित करेगा। In case the e-bids are invited on two-bid system, the Bidder shall submit the e-bids in two separate parts. One part shall contain Technical bid comprising all documents listed under clause relating to Documents Comprising the Bid excepting bid form and price schedules. The other part shall contain the priced-bid

1.19. **बोलियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा Deadline for Submission of E-bids**

1.19.1 बोलियां "बोलियों के लिए आमंत्रण" में विनिर्देशित पते पर खरीदार को, उसमें विनिर्देशित समय और तारीख को या उससे पहले, अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए। यदि बोलियां प्रस्तुत करने की विनिर्देशित तारीख को खरीदार के कार्यालय में कोई छुट्टी घोषित की जाएगी, तो बोलियां अगले कार्यदिवस को निर्धारित समय तक प्राप्त की जाएंगी। E-bids must be received by the Purchaser at the address specified in Invitation for e-bids not later than the time and date specified therein. In the event of the specified date for the submission of E-bids being declared a holiday for the Purchaser, the E-bids will be received up to the appointed time on the next working day.

1.19.2 खरीदार बोली दस्तावेज़ों के संशोधन से संबंधित खंड के अनुसार बोली दस्तावेज़ों में संशोधन कर बोलियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा में स्वविवेक से वृद्धि कर सकता है। इस स्थिति में खरीदार और बोलीदाता के जो अधिकार और दायित्व पहले समय-सीमा के अधीन थे, वे उसके बाद बढ़ाई गई समय-सीमा के अधीन होंगे। The Purchaser may, at its discretion, extend the deadline for submission of e-bids by amending the bid documents in accordance with Clause relating to Amendment of Bidding Documents in which case all rights and obligations of the Purchaser and Bidders previously subject to the deadline will thereafter be subject to the deadline as extended.

1.20. **विलंबित बोलियां Late E-bids**

1.20.1 खरीददार द्वारा निर्धारित की गई समय-सीमा के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा । Any bid received by the Purchaser after the deadline for submission of e-bids prescribed by the Purchaser will be rejected.

1.20.2 ऐसी निविदाओं पर "विलंबित" अंकित कर दिया जाएगा और उन पर आगे मूल्यांकन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। उन्हें खोला ही नहीं जाएगा। उनके मूल लिफाफे को खोले बिना ही उन्हें बोलीदाताओं को लौटा दिया जाएगा। Such tenders shall be marked as late and not considered for further evaluation. They shall not be opened at all and be returned to the bidders in their original envelope without opening.

## E. बोलियां खोलना और उनका मूल्यांकन करना / Opening and Evaluation of e-bids

### 1.22 खरीदार द्वारा बोलियां खोला जाना Opening of e-bids by the Purchaser

1.22.1 बोलियों के लिए आमंत्रण में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार, खरीदार सभी बोलियां बोलीदाताओं के उन प्राधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक बार खोलेगा, जो बोली खोले जाने के समय उपस्थित होंगे। बोलीदाताओं के जो प्रतिनिधि मौजूद होंगे, वे अपनी उपस्थिति के प्रमाणस्वरूप कोटेशन खोले जाने की शीट पर अपने हस्ताक्षर करेंगे। यदि बोली खोले जाने की विनिर्देशित तारीख को खरीदार के कार्यालय में कोई छुट्टी घोषित होगी, तो बोलियां अगले कार्यदिवस को निर्धारित समय और स्थान पर खोली जाएंगी। दो बोली प्रणाली पर आधरित बोलियों के मामले में, वित्तीय बोलियां तकनीकी-मूल्यांकन के बाद ही खोली जाएंगी। The Purchaser will open all e-bids one at a time in the presence of Bidders' authorized representatives who choose to attend, as per the schedule given in invitation for e-bids. The Bidders' representatives who are present shall sign the quotation opening sheet evidencing their attendance. In the event of the specified date of Bid opening being declared a holiday for the Purchaser, the E-bids shall be opened at the appointed time and location on the next working day. In two-part bidding, the financial bid shall be opened only after technical evaluation.

1.23. **गोपनीयता Confidentiality**

1.23.1 जब तक संविदा अवार्ड का प्रकाशन नहीं हो जाएगा, बोलियों की जांच, मूल्यांकन, तुलना, उत्तर-योग्यता और संविदा-अवार्ड की सिफारिश से संबंधित सूचना बोलीदाताओं या किन्हीं अन्य ऐसे व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी, जिनका इस प्रक्रिया से आधिकारिक रूप से संबंध नहीं है। Information relating to the examination, evaluation, comparison, and post qualification of e-bids, and recommendation of contract award, shall not be disclosed to bidders or any other persons not officially concerned with such process until publication of the Contract Award.

1.23.2 बोलियों की जांच, मूल्यांकन, तुलना, उत्तर-योग्यता या संविदा अवार्ड के निर्णयों में यदि किसी बोली बोलीदाता के द्वारा खरीदार को प्रभावित करने का कोई प्रयास किया जाएगा, तो उसकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। Any effort by a Bidder to influence the Purchaser in the examination, evaluation, comparison, and post qualification of the e-bids or contract award decisions may result in the rejection of its Bid.

1.24. **बोलियों का वर्गीकरण Clarification of E-bids**

1.24.1 बोलियों की जांच, मूल्यांकन, तुलना और उत्तर-योग्यता निर्धारण के कार्य में सहयोग देने के लिए, खरीदार बोलीदाता को स्वविवेक से यह कह सकता है कि वह अपनी बोली के बारे में स्पष्टीकरण दे। स्पष्टीकरण के बारे में अनुरोध और उसका उत्तर लिखित रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे और बोली के मूल्यों या उसके सार में कोई परिवर्तन किए जाने का अनुरोध नहीं किया जाएगा, उसका कोई प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा या उसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। सबसे कम बोली लगाने वाले को छोड़कर, खरीदार के स्वविवेक से कोई बातचीत नहीं की जाएगी। अपनी बोली के संबंध में बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण यदि खरीदार द्वारा किए गए अनुरोध के उत्तर में नहीं होगा, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। To assist in the examination, evaluation, comparison and post qualification of the e-bids, the Purchaser may, at its discretion, ask the Bidder for a clarification of its bid. The request for clarification and the response shall be in writing and no change in prices or substance of the bid shall be sought, offered or permitted. However, no negotiation shall be held except with the lowest bidder, at the discretion of the purchaser. Any clarification submitted by a bidder in respect to its bid which is not in response to a request by the purchaser shall not be considered.

1.25. **प्रारंभिक जांच Preliminary Examination**

1.25.1 खरीदार बोलियों की जांच करेगा ताकि वह इस बात की पुष्टि कर सके कि आईटीबी के खंड 1.9 में जिन दस्तावेज़ों और तकनीकी प्रलेखनों का अनुरोध किया गया है, उन्हें प्रदान किया गया है, और यह सुनिश्चित कर सके कि प्रस्तुत किया गया प्रत्येक दस्तावेज़ पूर्ण है। The Purchaser shall examine the e-bids to confirm that all documents and technical documentation requested in ITB Clause 1.9 have been provided, and to determine the completeness of each document submitted.

1.25.2 खरीदार इस बात की पुष्टि करेगा कि बोली में निम्नलिखित दस्तावेज़ और सूचना प्रदान नहीं किए गए होंगे, तो उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा :The Purchaser shall confirm that the following documents and information have been provided in the Bid. If any of these documents or information is missing, the offer shall be rejected.

(a) आईटीबी के उप-खंड 1.10 के अनुरूप बोली प्रपत्र और मूल्य अनुसूची। Bid Form and Price Schedule, in accordance with ITB Sub-Clause 1.10;

(b) प्राप्त की गई सभी निविदाओं की सबसे पहले यह देखने के लिए संवीक्षा की जाएगी कि निविदाएं उन मूलभूत अपेक्षाओं को पूरी करती हैं या नहीं, जिनका उल्लेख निविदा के जांच संबंधी दस्तावेज़ में किया गया है। जो निविदाएं इन मूलभूत अपेक्षाओं को पूरा नहीं करेंगी, उन्हें अनुक्रियाशील नहीं माना जाएगा और उनकी उपेक्षा कर दी जाएगी। निम्नलिखित कुछ ऐसी महत्वपूर्ण बातें हैं, जिनके लिए किसी निविदा को यह घोषित किया जा सकता है कि वह अनुक्रियाशील नहीं है और उसकी प्रारंभिक संवीक्षा के समय उपेक्षा की जा सकती है : All the tenders received will first be scrutinized to see whether the tenders meet the basic requirements as incorporated in the tender enquiry document. The tenders, who do not the meet the basic requirements, are to be treated as unresponsive and ignored. The following are some of the important points, for which a tender may be declared as unresponsive and to be ignored, during the initial scrutiny:

(i) बोली पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। The Bid is unsigned.

(ii) बोलीदाता पात्र नहीं है। The Bidder is not eligible.

(iii) बोली की वैधता उससे कम अवधि की है, जिसकी अपेक्षा की गई है। The Bid validity is shorter than the required period.

(iv) बोलीदाता ने किसी भिन्न फर्म द्वारा विनिर्मित माल के संबंध में कोटेशन दिया है और उस प्रस्तावित विनिर्माता का अपेक्षित प्राधिकारपत्र संलग्न नहीं किया है। The Bidder has quoted for goods manufactured by a different firm without the required authority letter from the proposed manufacturer.

(v) बोलीदाता ने अपेक्षित निष्पादन प्रतिभूति देने की सहमति व्यक्त नहीं की है। Bidder has not agreed to give the required performance security.

(vi) उद्धृत माल अपेक्षित मानक का नहीं है और वह अपेक्षित विनिर्देशन आदि के अनुरूप नहीं है। The goods quoted are sub-standard, not meeting the required specification etc.

(vii) निविदा जांच संबंधी दस्तावेज़ में उल्लिखित अपेक्षा अनुसूची के संबंध में, निविदाकार ने उस संपूर्ण अपेक्षा के विषय में उद्धृत नहीं किया है, जिसे उस अनुसूची में विनिर्देशित किया गया है। Against the schedule of Requirement (incorporated in the tender enquiry), the tenderer has not quoted for the entire requirement as specified in that schedule.

(viii) निविदाकार ने निविदा जांच संबंधी दस्तावेज़ में उल्लिखित कुछ अनिवार्य शर्तों के प्रति अपनी सहमति व्यक्त नहीं की है। The tenderer has not agreed to some essential condition(s) incorporated in the tender enquiry.

1.26. **बोलियों की अनुक्रियाशीलता Responsiveness of E-bids**

1.26.1 विस्तृत मूल्यांकन से पहले, खरीदार बोली दस्तावेज़ों के प्रति प्रत्येक बोली की मूलभूत अनुक्रियाशीलता निर्धारित करेगा। इस खंड के प्रयोजन के लिए, मूलभूत अनुक्रियाशीलता वह है, जो बोली दस्तावेज़ों में उल्लिखित सभी निबंधन और शर्तों के अनुरूप हो और जिसमें उनसे कोई वास्तविक विचलन, आरक्षण या लोप न हो। वास्तविक विचलन, आरक्षण या लोप वह है, जो :Prior to the detailed evaluation, the purchaser will determine the substantial responsiveness of each bid to the bidding documents. For purposes of this clause, a substantive responsive bid is one, which conforms to all terms and condition of the bidding documents without material deviations, reservations or omissions. A material deviation, reservation or omission is one that:

(a) संविदा में विनिर्देशित माल के कार्यक्षेत्र, गुणवत्ता या निष्पादन और उसकी संबंधित सेवाओं को किसी भी मूलभूत रूप में प्रभावित करे; या affects in any substantial way the scope, quality, or performance of the Goods and Related Services specified in the Contract; or

(b) खरीदार के संविदागत अधिकारों या बोलीदाता के संविदागत दायित्वों को बोली दस्तावेज़ों से असंगत किसी मूलभूत रूप में सीमित करे; या limits in any substantial way, inconsistent with the Bidding Documents, the Purchaser's rights or the Bidder's obligations under the Contract; or

(c) संशोधन किए जाने पर, मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील बोलियां प्रस्तुत करने वाले अन्य बोलीदाताओं की प्रतिस्पर्धी स्थिति को अनुचित रूप से प्रभावित करे। if rectified, would unfairly affect the competitive position of other bidders presenting substantially responsive e-bids.

1.26.2 किसी बोली की अनुक्रियाशीलता का खरीदार का निर्धारण स्वयं बोली की विषय-वस्तु पर ही आधारित होगा, उसमें किसी बाह्य साक्ष्य का आश्रय नहीं लिया जाएगा। The purchasers' determination of a bid's responsiveness is to be based on the contents of the bid itself without recourse to extrinsic evidence.

1.26.3 यदि बोली मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील नहीं होगी, तो उसे खरीदार द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा। उसे वास्तविक विचलन, आरक्षण या लोप का संशोधन कर बोलीदाता द्वारा बाद में अनुक्रियाशील नहीं बनाया जाएगा। If a bid is not substantially responsive, it will be rejected by the Purchaser and may not subsequently be made responsive by the Bidder by correction of the material deviation, reservation or omission.

1.27. **<u>अननुरूपता, भूल और लोप Non-Conformity, Error and Omission</u>**

1.27.1 बोली की जिस अननुरूपता या लोप से कोई वास्तविक विचलन नहीं होता है, खरीदार उसे हटा सकता है, बशर्ते कि बोली मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील हो। Provided that a Bid is substantially responsive, the Purchaser may waive any non-conformities or omissions in the Bid that do not constitute a material deviation.

1.27.2 खरीदार बोलीदाता से यह अनुरोध कर सकता है कि वह प्रलेखन अपेक्षाओं से संबंधित बोली की अवास्तविक अननुरूपताएं या लोप हटाने के लिए, उचित समय अवधि के भीतर, आवश्यक सूचना या प्रलेखन प्रस्तुत करे, बशर्ते कि बोली मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील हो। इस लोप को बोली के मूल्यगत किसी पहलू से नहीं जोड़ा जाएगा। यदि बोली लगाने वाला इस अनुरोध का पालन नहीं करेगा, तो इसकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। Provided that a

bid is substantially responsive, the Purchaser may request that the Bidder submit the necessary information or documentation, within a reasonable period of time, to rectify nonmaterial nonconformities or omissions in the bid related to documentation requirements. Such omission shall not be related to any aspect of the price of the Bid. Failure of the Bidder to comply with the request may result in the rejection of its Bid.

1.27.3 यदि बोली मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील होगी, तो खरीदार उसकी अंकगणितीय त्रुटियों का संशोधन निम्नलिखित आधार पर करेगा :Provided that the Bid is substantially responsive, the Purchaser shall correct arithmetical errors on the following basis:

(a) यदि यूनिट मूल्य और मात्रा से यूनिट मूल्य को गुणा कर प्राप्त होने वाले लाइन मद योग के बीच कोई विसंगति होगी, तो यूनिट मूल्य विद्यमान रहेगा और लाइन मद योग संशोधित किया जाएगा, जब तक कि खरीदार के विचार में यूनिट मूल्य में दशमलव का कोई स्पष्ट मिस्प्लेसमेंट न हो; और यदि यूनिट मूल्य में दशमलव का कोई स्पष्ट मिस्प्लेसमेंट होगा, तो उद्धृत लाइन मद योग विद्यमान रहेगा और यूनिट मूल्य संशोधित किया जाएगा। if there is a discrepancy between the unit price and the line item total that is obtained by multiplying the unit price by the quantity, the unit price shall prevail and the line item total shall be corrected, unless in the opinion of the Purchaser there is an obvious misplacement of the decimal point in the unit price, in which case the line item total as quoted shall govern and the unit price shall be corrected;

(b) यदि उप योगों के जोड़ या शेष के तदनुरूप योग में कोई त्रुटि होगी, तो उप योग विद्यमान रहेंगे और योग संशोधित किया जाएगा। if there is an error in a total corresponding to the addition or subtraction of subtotals, the subtotals shall prevail and the total shall be corrected; and

(c) यदि शब्दों और अंकों के बीच कोई विसंगति होगी, तो शब्दों में राशि विद्यमान रहेगी, जब तक कि शब्दों में लिखी गई राशि का संबंध किसी अंक गणितीय त्रुटि से न हो; और यदि शब्दों में लिखी गई राशि का संबंध किसी अंक गणितीय त्रुटि से होगा, तो अंकों में लिखी गई राशि उपर्युक्त (क) और (ख) के अधीन विद्यमान रहेगी। if there is a discrepancy between words and figures, the amount in words shall prevail, unless the amount expressed in words is related to an arithmetic error, in which case the amount in figures shall prevail subject to (a) and (b) above.

1.27.4 यदि बोली मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील होगी, तो खरीदार बोलीदाता से यह अनुरोध कर सकता है कि वह लक्षित तारीख तक अंकगणितीय त्रुटियों को सही करे, जैसे खरीदार ने की हैं। यदि इस संबंध में उससे कोई उत्तर प्राप्त नहीं होगा, तो प्रस्तुत की गई बोली की उपेक्षा कर दी जाएगी और उसकी बोली प्रतिभूति ज़ब्त कर ली जाएगी। Provided that a bid is substantially responsive, the purchaser may request that a bidder may confirm the correctness of arithmetic errors as done by the purchaser within a target date. In case, no reply is received then the bid submitted shall be ignored and its Bid Security may be forfeited.

1.28. **<u>निबंधन और शर्तों की जांच तथा तकनीकी मूल्यांकन Examination of Terms & Conditions, Technical Evaluation</u>** .

1.28.1 खरीदार यह पुष्टि करने के लिए बोली की जांच करेगा कि जीसीसी और एससीसी में विनिर्देशित सभी निबंधन और शर्तें बोलीदाता द्वारा स्वीकार की गई हैं और कोई वास्तविक विचलन या आरक्षण नहीं किया गया है। The Purchaser shall examine the Bid to confirm that all terms and conditions specified in the GCC and the SCC have been accepted by the Bidder without any material deviation or reservation.

1.28.2 खरीदार यह पुष्टि करने के लिए आईटीबी के खंड-14 के अनुसार प्रस्तुत की गई बोली के तकनीकी पहलुओं का मूल्यांकन करेगा कि बोली दस्तावेजों की अपेक्षा अनुसूची में विनिर्देशित सभी अपेक्षाएं पूरी की गई हैं और कोई वास्तविक विचलन या आरक्षण नहीं किया गया है। The Purchaser shall evaluate the technical aspects of the Bid submitted in accordance with ITB Clause 14, to confirm that all requirements specified in Schedule of Requirements of the Bidding Documents have been met without any material deviation or reservation.

1.28.3 निबंधन और शर्तों की जांच और तकनीकी मूल्यांकन के बाद, यदि खरीदार यह निर्धारित करेगा कि बोली आईटीबी के खंड 26 के अनुसार मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील नहीं है, तो वह बोली को अस्वीकार कर देगा। If, after the examination of the terms and conditions and the technical evaluation, the Purchaser determines that the Bid is not substantially responsive in accordance with ITB Clause 26, it shall reject the Bid.

1.29. **<u>एकल मुद्रा में परिवर्तन</u> Conversion to Single Currency**

1.29.1 द्वि-भागीय बोलियों के मामले में मूल्य-निर्धारित बोलियां खोले जाने की तारीख को प्रचलित दरों पर तथा एकल भागीय बोलियों के मामले में बोलियां खोले जाने की तारीख को समाचारपत्रों में अधिसूचित किए गए किसी भारतीय बैंक द्वारा प्रमाणित विक्रय विनियमय दरों पर बोली मूल्य जिन विभिन्न मुद्राओं में देय हैं, उनमें राशियों में अभिव्यक्त सभी बोली मूल्य खरीदार द्वारा परिवर्तित कर दिए जाएंगे, ताकि मूल्यांकन और तुलना में सुविधा रहे। इस प्रयोजन के लिए,

www.xe.com या www.rbi.org या किसी अन्य वेबसाइट में अधिसूचित की गई विनिमय दरों का प्रयोग भी खरीदार द्वारा किया जा सकता है। To facilitate evaluation and comparison, the Purchaser will convert all bid prices expressed in the amounts in various currencies in which the bid prices are payable to Indian Rupees at the selling exchange rate established by any bank in India as notified in the Newspapers on the date of bid opening in the case of single part bidding and the rates prevalent on the date of opening of the Priced e-bids in the case of two-part bidding. For this purpose, exchange rate notified in www.xe.com or www.rbi.org or any other website could also be used by the purchaser.

1.30. **बोलियों का मूल्यांकन और उनकी तुलना Evaluation and comparison of e-bids**

1.30.1 खरीदार ऐसी प्रत्येक बोली का मूल्यांकन करेगा, जिसे मूल्यांकन के चरण तक मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील निर्धारित किया गया है। The Purchaser shall evaluate each bid that has been determined, up to this stage of the evaluation, to be substantially responsive.

1.30.2 किसी बोली के मूल्यांकन के लिए, खरीदार नीचे निर्धारित कारकों, कार्य प्रणालियों और मापदंडों का ही प्रयोग करेगा। किसी अन्य मापदंड या कार्य प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाएगा। To evaluate a Bid, the Purchaser shall only use all the factors, methodologies and criteria defined below. No other criteria or methodology shall be permitted.

1.30.3 बोलियों का मूल्यांकन फाइनल लैंडिंग लागत के आधार पर किया जाएगा, जिसकी गणना निम्नवत की जाएगी :The e-bids shall be evaluated on the basis of final landing cost which shall be arrived as under:

**भारत में विनिर्मित माल के संबंध में For goods manufactured in India.**

(i) पूर्णत: प्रदत्त समस्त करों सहित एक्स-वर्क्स उद्धृत माल का मूल्य। The price of the goods quoted ex-works including all taxes already paid.

(ii) वैट और अन्य कर जैसे उत्पाद शुल्क आदि, जो माल पर तब देय होंगे, जब संविदा प्रदान की जाएगी। VAT and other taxes like excise duty etc. which will be payable on the goods if the contract is awarded.

(iii) वांछित गंतव्य माल के वितरण के लिए अंतर्देशीय परिवहन, बीमा और अपेक्षित अन्य स्थानीय सेवाओं के प्रभार।

Charges for inland transportation, insurance and other local services required for delivering the goods at the desired destination.

(iv) अधिष्ठापन, प्रारंभन और प्रशिक्षण प्रभार, जिसमें अनुषंगी सेवाएं भी शामिल हैं। The installation, commissioning and training charges including incidental services, if any.

**विदेश में विनिर्मित माल के संबंध में For goods manufactured abroad**

(i) बोली दस्तावेज़ में यथा-विनिर्देशित, एफसीए (विदेश में वितरण का नामित स्थान) या एफओबी (नौ-वहन का नामित पत्तन) पर उद्धृत माल का मूल्य। The price of the goods, quoted on FCA/FOB , as specified in the bidding document.

(ii) गंतव्य स्थान/पत्तन पर माल के बीमा और परिवहन संबंधी प्रभार। The charges for insurance and transportation of the goods to the port/place of destination.

(iii) एजेंसी कमीशन प्रभार, यदि कोई हो।The agency commission etc., if any.

(iv) अधिष्ठापन, प्रारंभन और प्रशिक्षण प्रभार, जिसमें अनुषंगी सेवाएं भी शामिल हैं। The installation, commissioning and training charges including incidental services, if any.

1.30.4 The comparison between the indigenous and the foreign offers shall be made on FOR destination basis and FCA/FOB basis respectively. However, the FCA/FOB prices quoted by any foreign bidder shall be loaded further as under:

a) सीमाशुल्क और अन्य सांविधिक उद्ग्रहणों के संबंध में - लागू करों के अनुसार। Towards customs duty and other statutory levies–as per applicable rates.

b) सीमाशुल्क निकासी, अंतर्देशीय परिवहन आदि के संबंध में - सीआईएफ/ सीआईपी मूल्य का 02% प्रतिशत। Towards custom clearance, inland transportation etc. - 02% of the FCA/FOB value.

**टिप्पणी : जिन बोलियों में पैंकिंग, अग्रेषण, भाड़ा, बीमा-प्रभारों, करों आदि का उल्लेख नहीं होगा, उन्हें अपूर्ण मानकर अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

Note: **Where there is no mention of packing, forwarding, freight, insurance charges, taxes etc. such offers shall be rejected as incomplete**.

1.30.5 एक निविदा से कई ऐसी मदें खरीदने के मामले में, जो परस्पर-आश्रित नहीं हैं, या जहां अनुरूपता की समस्या नहीं है, सामान्यत: तुलना (देशी मदों के मामले में) एक्स-वर्क्स के आधार पर और (आयातों के मामले में) फर्मों द्वारा उद्धृत एफओबी/एफसीए - मूल्यों के आधार पर की जाएगी, जिससे कि प्रत्येक मद की निम्नतम कोटेशन वाली फर्म का अभिनिर्धारण किया जा सके। In the case of Purchase of many items against one tender, which are not inter- dependent or, where compatibility is not a problem, normally the comparison would be made on ex works, ( in case of indigenous items) and on **FCA/FOB** prices quoted by the firms for identifying the lowest quoting firm for each item.

1.30.6 Orders for imported stores need not necessarily be on FCA basis rather it can be on the basis of any of the Incoterm specified in ICC Incoterms 2010 as may be amended from time to time by the ICC or any other designated authority and favorable to CSIR Labs/Institutes or Headquarters.

1.30.7 यदि सीआईएफ/सीआईपी-आधार पर उद्धृत मूल्य समान होंगे, तो संविदा सीआईएफ/सीआईपी-आधार पर प्रदान की जाएगी। Wherever the price quoted on FCA/FOB basis are the same, the Contract would be made on FCA/FOB basis only.

1.30.8 जीसीसी और एससीसी परिवहन के प्रकार अर्थात वायु/जल/सड़क/रेल मार्ग को विनिर्देशित करेंगे। The GCC and the SCC shall specify the mode of transport i.e whether by air/ road.

1.31.1 खरीदार आईटीबी के खंड 1.30 के अनुसार न्यूनतम मूल्यांकित बोली का निर्धारण करने के लिए मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील सभी बोलियों की तुलना करेगा। The Purchaser shall compare all substantially responsive e-bids to determine the lowest-evaluated bid, in accordance with ITB Clause 1.30.

1.32. **खरीदार से संपर्क करना Contacting the Purchaser**

1.32.1 आईटीबी के खंड 1.24 के अधीन, कोई बोलीदाता बोली खोले जाने के समय से लेकर संविदा प्रदान किए जाने के समय तक अपनी बोली से संबंधित किसी भी मामले में खरीदार से संपर्क नहीं करेगा। Subject to ITB Clause 1.24, no Bidder shall contact the Purchaser on any matter relating to its bid, from the time of the bid opening to the time the Contract is awarded.

1.32.2 यदि बोलीदाता के द्वारा बोली के मूल्यांकन, बोली की तुलना या संविदा प्रदान किए जाने से संबंधित निर्णयों में खरीदार को प्रभावित करने का कोई प्रयास किया जाएगा, तो बोलीदाता की बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। Any effort by a Bidder to influence the Purchaser in its decisions on bid evaluation, bid comparison or contract award may result in rejection of the Bidder's bid.

1.33. **उत्तर-योग्यता Post qualification**

1.33.1 पूर्व-योग्यता के अभाव में, खरीदार अपनी संतुष्टि के लिए यह निर्धारित करेगा कि जिस बोलीदाता को निम्नतम मूल्यांकित अनुक्रियाशील बोली प्रस्तुत करने वाले के रूप में चुना गया है, क्या वह आईटीबी के खंड 13 में सूचीबद्ध मापदंड के अनुसार संविदा को संतोषजनक रूप से निष्पादित करने के लिए योग्य है। In the absence of pre-qualification, the Purchaser will determine to its satisfaction whether the Bidder that is selected as having submitted the lowest evaluated responsive bid is qualified to perform the contract satisfactorily, in accordance with the criteria listed in ITB Clause 13.

1.33.2 इस निर्धारण में बोली दस्तावेज़ों में सूचीबद्ध पात्रता मानदंड को ध्यान में रखा जाएगा और यह बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत बोलीदाता की योग्यताओं के दस्तावेज़ी साक्ष्यों की जांच और ऐसी अन्य सूचना पर आधारित होगा, जिसे खरीदार आवश्यक और उचित समझे। The determination will take into account the eligibility criteria listed in the bidding documents and will be based upon an examination of the documentary evidence of the Bidder's qualifications submitted by the Bidder, as well as such other information as the Purchaser deems necessary and appropriate.

1.33.3 सकारात्मक निर्धारण बोलीदाता को संविदा प्रदान किए जाने की पूर्व-अपेक्षा होगी। जो निर्धारण नकारात्मक होगा, तो बोलीदाता की बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। An affirmative determination will be a prerequisite for award of the contract to the Bidder. A negative determination will result in rejection of the Bidder's bid.

**F- Award Of Contract**

1.34 **परक्रामण Negotiations**

1.34.1 सामान्यत: कोई परक्रामण (बातचीत) नहीं किया जाएगा। यदि कोई परक्रामण किया भी जाएगा, तो वह अपवाद ही होगा और वह पूर्ति के सीमित स्रोत वाली मदों के मामले में ही किया जाएगा। परक्रामण न्यूनतम मूल्यांकित अनुक्रियाशील बोलीदाता के साथ ही किया जाएगा। परक्रामणों के समान प्रति-प्रस्तावों को एक बार की खरीदों के मामले में परक्रामणों के समकक्ष माना जाएगा।There shall not be any negotiation normally. Negotiations, if at all, shall be an exception and only in the case of items with limited source of supply. Negotiations shall be held with the lowest evaluated responsive bidder. Counter offers tantamount to negotiations and shall be treated at par with negotiations in the case of one time purchases.

1.35. **संविदा प्रदान किए जाने का मापदंड Award Criteria**

1.35.1 आईटीबी के खंड 37 के अधीन, खरीदार उस सफल बोलीदाता को संविदा प्रदान करेगा, जिसकी बोली को मूलभूत रूप से अनुक्रियाशील निर्धारित किया जाएगा और जिसकी बोली को निम्नतम मूल्यांकित बोली निर्धारित किया जाएगा, बशर्ते कि बोलीदाता को संविदा के संतोषजनक निष्पादन के लिए योग्य भी निर्धारित किया जाए। Subject to ITB Clause 37 the Purchaser will award the contract to the successful Bidder whose bid has been determined to be substantially responsive and has been determined to be the lowest evaluated bid, provided further that the Bidder is determined to be qualified to perform the contract satisfactorily.

1.36. **संविदा प्रदान किए जाने के समय मात्राओं में अंतर करना खरीदार का अधिकार Purchaser's right to vary Quantities at Time of Award**

1.36.1 संविदा प्रदान किए जाते समय, खरीदार को यह अधिकार है कि वह यूनिट मूल्य या अन्य निबंधन या शर्तों में कोई परिवर्तन किए बिना, अपेक्षाओं की अनुसूची में मूल रूप से विनिर्देशित सेवाओं और माल की मात्रा को बढ़ा या घटा सकता है। साथ ही, संविदा में विनिर्देशित मात्राएं वितरण की अवधि में खरीदार के स्व-विवेक से 30 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती हैं। The Purchaser reserves the right at the time of Contract award to increase or decrease the quantity of goods and services originally specified in the Schedule of Requirements without any change in unit price or other terms and conditions. Further, at the discretion of the purchaser, the quantities in the contract may be enhanced by 30% within the delivery period.

1.37. **किसी बोली को स्वीकार करना और किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करना खरीदार का अधिकार Purchaser's right to accept Any Bid and to reject any or All E-bids**

1.37.1 खरीदार को यह अधिकार है कि वह प्रभावित बोलीदाता के प्रति अपनी किसी देयता के बिना ही, संविदा प्रदान किए जाने से पहले किसी भी समय किसी बोली को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है, बोली-प्रक्रिया को रद्द कर सकता है और सभी बोलियों को रद्द कर सकता है। The Purchaser reserves the right to accept or reject any bid, and to annul the bidding process and reject all e-bids at any time prior to award of Contract, without thereby incurring any liability to the affected Bidder or Bidders.

1.38.2 जब तक औपचारिक संविदा तैयार और निष्पादित नहीं हो जाएगी, संविदा प्रदान किए जाने की यह अधिसूचना बाध्यकारी संविदा होगी। Until a formal contract is prepared and executed, the notification of award should constitute a binding contract.

1.38.3 आईटीबी के खंड 1.41के अनुसार, सफल बोलीदाता के द्वारा हस्ताक्षरित संविदा प्रपत्र और निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत किए जाने के बाद, खरीदार प्रत्येक सफल बोलीदाता को तुरंत अधिसूचित करेगा और उसकी बोली प्रतिभूति को डिस्चार्ज करेगा। Upon the successful Bidder's furnishing of the signed Contract Form and performance security pursuant to ITB Clause 1.41, the purchaser will promptly notify each unsuccessful Bidder and will discharge its bid security.

1.39.2 इस करार की तारीख के 21 दिन के भीतर, सफल बोलीदाता उस पर तारीख सहित हस्ताक्षर करेगा और उसे खरीदार को लौटाएगा। Within twenty-one (21) days of date of the Agreement, the successful Bidder shall sign, date, and return it to the Purchaser.

1.40. **आर्डर की स्वीकृति Order Acceptance**

1.40.1 सफल बोलीदाता आर्डर जारी किए जाने की तारीख से 15 दिन के भीतर आर्डर की स्वीकृति प्रस्तुत करेगा। यदि वह ऐसा नहीं करेगा, तो यह मान लिया जाएगा कि विक्रेता इच्छुक नहीं है और आईटीबी के खंड 15.9 के अनुसार उसकी बोली प्रतिभूति को ज़ब्त कर लिया जाएगा। The successful bidder should submit Order acceptance within 15 days from the date of issue, failing which it shall be presumed that the vendor is not interested and his bid security is liable to be forfeited pursuant to clause 15.9 of ITB.

1.40.2 The order confirmation must be received within 15 days. However, the Purchaser has the powers to extend the time frame for submission of order confirmation and submission of Performance Security (PS). Even after extension of time, if the order confirmation /PS are not received, the contract shall be cancelled and limited tenders irrespective of the value shall be invited from the responding firms after forfeiting the bid security of the defaulting firm, where

applicable, provided there is no change in specifications. In such cases the defaulting firm shall not be considered again for re-tendering in the particular case.

1.41. **निष्पादन प्रतिभूमि Performance Security**

1.41.1 संविदा प्रदान किए जाने की अधिसूचना/निष्पादन आर्डर प्राप्त होने के 21 दिन के भीतर, पूर्तिकार एससीसी में विनिर्देशित राशि की निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा, जो वारंटी अवधि के बाद 60 दिन तक वैध होगी। विकल्पत:, यह निष्पादन प्रतिभूति उन मामलों में अंतिम भुगतान रिलीज़ करने के समय भी प्रस्तुत की जा सकती है, जिनमें आंशिक भुगतान वितरण पर और आंशिक भुगतान अधिष्ठापन पर किया जाता है। जहां लागू होगा, यह निष्पादन प्रतिभूति उन मामलों में अग्रिम रूप में प्रस्तुत की जाएगी, जिनमें पूर्ण भुगतान साखपत्र या वितरण पर किया जाता है। ऐसे मामलों में, बैंक के माध्यम से दस्तावेज़ों के परक्रामण के समय निष्पादन प्रतिभूति के प्रस्तुतीकरण को साख पत्र में शर्त के रूप में अनुबंधित किया जाएगा और बोली प्रतिभूति को तब तक वैध माना जाएगा, जब तक कि निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुति नहीं कर दी जाएगी। Within 21 days of receipt of the notification of award/PO, the Supplier shall furnish performance security in the amount specified in SCC, valid till 60 days after the warranty period. Alternatively, the PS may also be submitted at the time of release of final payment in cases where part payment is made against delivery & part on installation. The PS,

where applicable, shall be submitted in advance for orders where full payment is to be made on Letter of Credit (LC) or on delivery. In this case, submission of PS at the time of negotiation of documents through Bank would be stipulated as a condition in the LC and the BS should be kept valid till such time the PS is submitted..

1.41.2 यदि पूर्तिकार इस संविदा के अधीन अपने दायित्वों को पूरा नहीं करेगा, तो निष्पादन प्रतिभूति की आय उसकी इस विफलता को प्रतिपूर्ति के रूप में खरीदार को देय होगी।

The proceeds of the performance security shall be payable to the Purchaser as compensation for any loss resulting from the Supplier's failure to complete its obligations under the Contract.

1.41.3 भारत में पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के संबंध में, इस निष्पादन प्रतिभूति का मूल्य वर्ग भारतीय रुपयों में तथा विदेशों में पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के मामले में इस निष्पादन प्रतिभूति का मूल्य वर्ग संविदा की मुद्रा में निर्धारित किया जाएगा। The Performance Security shall be denominated in Indian Rupees for the offers received for supplies within India and denominated in the currency of the contract in the case of offers received for supply from foreign countries.

1.41.4 आयातों के मामले में, यह निष्पादन प्रतिभूति स्वामी या उसके भारतीय एजेंट द्वारा तथा देशी स्रोतों से खरीदों के मामले में, यह निष्पादन प्रतिभूति विनिर्माता या उसके प्राधिकृत डीलर/बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत की जा सकती है। In the case of imports, the PS may be submitted either by the Principal or by the Indian agent and, in the case of purchases from indigenous sources, the PS may be submitted by either the manufacturer or their authorized dealer/bidder.

1.41.5 यह निष्पादन प्रतिभूति निम्नलिखित में से किसी एक रूप में होगी The Performance security shall be in one of the following forms:

(a) बोली दस्तावेज़ों में उल्लिखित प्रपत्र में, भारत में अवस्थित किसी राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक या किसी विदेशी बैंक, जिसकी भारत में क्रियाशील शाखा हो, द्वारा जारी किए गए आपाती साख पत्र या बैंक गारंटी के रूप में; अथवा A Bank guarantee or stand -by Letter of Credit issued by a Nationalized/Scheduled bank located in India or a Foreign bank with preferably its operating branch in India in the form provided in the bidding documents. Or

(b) खरीदार के पक्ष में आदाता के खाते में मांग ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में; अथवा A Banker's cheque or Account Payee demand draft in favour of the purchaser. Or,

(c) खरीदार के पक्ष में गिरवी रखी गई सावधि जमा रसीद के रूप में। A Fixed Deposit Receipt pledged in favour of the Purchaser.

1.41.6 जब तक कि एससीसी में अन्यथा विनिर्देशित न हो, यह निष्पादन प्रतिभूति खरीदार द्वारा डिस्चार्ज कर दी जाएगी और किसी ब्याज की वसूली किए बिना, पूर्तिकार के निष्पादन संबंधी दायित्वों तथा वारंटी संबंधी दायित्वों के पूरा होने की तारीख के बाद 60 दिन के भीतर पूर्तिकार को लौटा दी जाएगी। The performance security will be discharged by the Purchaser and returned to the Supplier not later than 60 days following the date of completion of the Supplier's performance obligations, including any warranty obligations, unless specified otherwise in SCC, without levy of any interest.

1.41.7 किसी संविदागत संशोधन की स्थिति में, पूर्तिकार उस संशोधन की प्राप्ति के 21 दिन के भीतर, निष्पादन प्रतिभूति का संशोधन प्रस्तुत करेगा और उसे उसके बाद 60 दिन की आगे और अवधि के लिए यथासंशोधित संविदा की अवधि तक वैधता प्रदान करेगा। In the event of any contract amendment, the

supplier shall, within 21 days of receipt of such amendment, furnish the amendment to the performance security, rendering the same valid for the duration of the contract, as amended for further period of 60 days thereafter.

1.41.8 आर्डर की पुष्टि संविदा प्रदान किए जाने की अधिसूचना की तारीख से 15 दिन के भीतर प्राप्त हो जानी चाहिए। लेकिन, खरीदार को यह अधिकार है कि वह आर्डर की पुष्टि और निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करने की समय-सीमा में वृद्धि कर सकता है। समय-सीमा में की जाने वाली इस वृद्धि के बाद भी यदि आर्डर की पुष्टि/निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त नहीं होगी, तो संविदा को निरस्त कर दिया जाएगा और जहां लागू होगा, चूककर्ता फर्म की बोली प्रतिभूति ज़ब्त करने के बाद अनुक्रियाशील फर्मों से सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी, चाहे उनकी कीमत कुछ भी क्यों न हो, बशर्ते कि विनिर्देशनों में कोई परिवर्तन न हो। ऐसे मामलों में, चूककर्ता फर्म पर किसी केस विशेष में पुन: निविदा प्रस्तुत किए जाने के संबंध में पुनर्विचार नहीं किया जाएगा। The **order confirmation** should be received within **15 days** from the date of notification of award. However, the purchaser has the powers to extend the time frame for submission of order confirmation an d submission of Performance Security (PS). Even after extension of time, if the order confirmation /PS are not received, the contract shall be cancelled and limited tenders irrespective of the value would be invited from the responding firms after forfeiting the bid security of the defaulting firm, where applicable provided there is no change in specifications. In such cases the defaulting firm would not be considered again for re-tendering in the particular case.

**अध्याय 2 CHAPTER 2**

**संविदा की शर्तें** CONDITIONS OF CONTRACT

A. **संविदा की सामान्य शर्तें** GENERAL CONDITIONS OF CONTRACT

**विषय-सूची** Table of Contents


| **क्रम सं.Sl. No.** | **विषय-वस्तु Clause** |
|---|---|
| 2.1. | परिभाषाएं Definitions |
| 2.2. | संविदा दस्तावेज़ Contract Documents |
| 2.3. | कपट और भ्रष्टाचार Fraud and Corruption |
| 2.4. | संयुक्त उद्यम, सहायता संघ या परिसंघ Joint Venture, Consortium or Association |
| 2.5. | पूर्ति का क्षेत्र Scope of Supply |
| 2.6. | पूर्तिकारों के उत्तरदायित्व Suppliers' Responsibilities |
| 2.7. | संविदा का मूल्य Contract price |
| 2.8. | कॉपीराइट Copy Right |
| 2.9. | आवेदन Application |
| 2.10. | मानक Standards |
| 2.11. | संविदा दस्तावेज़ों और सूचना का प्रयोग Use of Contract Documents and Information |
| 2.12. | पेटेंट क्षतिपूर्ति Patent Indemnity |
| 2.13. | निष्पादन प्रतिभूति Performance Security |
| 2.14. | निरीक्षण और परीक्षण Inspections and Tests |
| 2.15. | पैकिंग Packing |
| 2.16. | वितरण और दस्तावेज़ Delivery and Documents |
| 2.17. | बीमा Insurance |
| 2.18. | परिवहन Transportation |
| 2.19. | आनुषंगिक सेवाएं Incidental Services |
| 2.20. | अतिरिक्त पुर्जे Spare Parts |
| 2.21. | वारंटी Warranty |
| 2.22. | भुगतान की शर्तें Terms of Payment |
| 2.23 | परिवर्तन आदेश और संविदा संशोधन Change Orders and Contract Amendments |
| 2.24. | समनुदेशन Assignment |
| 2.25. | उप-संविदाएं Subcontracts |
| 2.26. | समय-सीमा में वृद्धि Extension of time |
| 2.27. | दांडिक खंड Penalty Clause |
| 2.28. | चूक की स्थिति में संविदा समाप्ति Termination for Default |
| 2.29. | अनिवार्य बाध्यता Force Majeure |
| 2.30. | दिवालियापन की स्थिति में संविदा समाप्ति Termination for insolvency |
| 2.31. | सुविधा की दृष्टि से संविदा समाप्ति Termination for Convenience |
| 2.32. | विवादों का निपटान Settlement of Disputes |
| 2.33. | शासी भाषा Governing Language |
| 2.34. | अनुप्रयोज्य विधि Applicable Law |
| 2.35 | नोटिस Notice |
| 2.36 | कर और शुल्क Taxes and Duties |
| 2.37 | त्रुटिपूर्ण माल के प्रयोग का अधिकार Right to use defective goods |
| 2.38 | क्षति के संबंध में संरक्षा Protection against Damage |
| 2.39 | स्थल की तैयारी और अधिष्ठापन Site preparation and installation |

2.1. **परिभाषाएं :Definitions**

2.1.1 निम्नलिखित शब्दों और अभिव्यक्तियों से तात्पर्य वही होगा, जो उनके लिए एतद्द्वारा नीचे नियत किया गया है:The following words and expressions shall have the meanings hereby assigned to them:

(a) "संविदा" से तात्पर्य उस संविदा करार से है, जिसे खरीदार और पूर्तिकार के बीच किया जाए और इसमें उसमें निर्देशित संविदा दस्तावेज़ तथा सभी संलग्नक एवं परिशिष्ट और सदंर्भानुसार समाविष्ट किए गए सभी दस्तावेज़ भी शामिल हैं। "Contract" means the Contract Agreement entered into between the Purchaser and the Supplier, together with the Contract Documents referred to therein, including all attachments, appendices, and all documents incorporated by reference therein.

(b) "संविदा दस्तावेज़" से तात्पर्य उन दस्तावेज़ों से हैं, जिन्हें संविदा करार में सूचीबद्ध किया गया है और इनमें उनके संशोधन भी शामिल हैं। "Contract Documents" means the documents listed in the Contract Agreement, including any amendments thereto.

(c) "संविदा मूल्य" से तात्पर्य उस मूल्य से है, जो संविदा करार में किए गए विनिर्देश के अनुसार पूर्तिकार को देय हो और यह मूल्य उसके उन परिवर्धनों एवं समायोजनों के अधीन है या उससे की जाने वाली उन कटौतियों के अधीन है, जो संविदा के अनुसार की जाएं। "Contract Price" means the price payable to the Supplier as specified in the Contract Agreement, subject to such additions and adjustments thereto or deductions there from, as may be made pursuant to the Contract.

(d) "दिवस" से तात्पर्य कैलेंडर दिवस से है। "Day" means calendar day.

(e) "समापन" से तात्पर्य, संविदा में निर्धारित निबंधन और शर्तों के अनुसार, पूर्तिकार द्वारा संबंधित सेवाओं को पूरा किए जाने से है। "Completion" means the fulfillment of the Related Services by the Supplier in accordance with the terms and conditions set forth in the Contract.

(f) "जीसीसी" से तात्पर्य जनरल कंडीशंस ऑफ कांट्रेक्ट (संविदा की सामान्य शर्तों) से है। "GCC" means the General Conditions of Contract.

(g) "माल" से तात्पर्य उन सभी वस्तुओं, कच्चे माल, मशीनरी एवं उपस्कर, और/ या अन्य सामग्री से है, जिनकी, संविदा के अधीन, पूर्तिकार द्वारा खरीदार को पूर्ति किया जाना अपेक्षित है। "Goods" means all of the commodities, raw material, machinery and equipment, and/or other materials that the Supplier is required to supply to the Purchaser under the Contract.

(h) "संबंधित सेवाएं" से तात्पर्य उन सेवाओं से है, जो माल की पूर्ति से जुड़ी हैं, जैसे परिवहन, बीमा, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण और आरंभिक अनुरक्षण तथा संविदा के अधीन पूर्ति के ऐसे ही अन्य दायित्व। "Related Services" means the services incidental to the supply of the goods, such as transportation, insurance, installation, training and initial maintenance and other such obligations of the Supplier under the Contract.

(i) "एससीसी" से तात्पर्य स्पेशल कंडीशंस ऑफ कांट्रेक्ट (संविदा की विशेष शर्तों) से है। "SCC" means the Special Conditions of Contract.

(j) "उप-संविदाकार" से तात्पर्य गैर-सरकारी या सरकारी अथवा गैर-सरकारी और सरकारी उस व्यक्ति से है, जिसे पूर्ति किए जाने वाले माल के किसी भाग को या संबंधित सेवाओं के किसी भाग को पूर्तिकार द्वारा उप-संविदा पर दिया जाए। "Subcontractor" means any natural person, private or government entity, or a combination of the above, to whom any part of the Goods to be supplied or execution of any part of the Related Services is subcontracted by the Supplier.

(k) "पूर्तिकार" से तात्पर्य गैर-सरकारी या सरकारी अथवा गैर-सरकारी और सरकारी उस व्यक्ति से है, जिसकी संविदा निष्पादित करने की बोली खरीदार द्वारा स्वीकार कर ली गई है और संविदा करार में जिसका नामोल्लेख कर दिया गया है। "Supplier" means the natural person, private or government entity, or a combination of the above, whose bid to perform the Contract has been accepted by the Purchaser and is named as such in the Contract Agreement.

(l) "काउंसिल" (परिषद) से तात्पर्य काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद) से है, जो भारत सरकार के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत है और जिसका पंजीकृत कार्यालय 2, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली - 110 001, भारत में स्थित है, तथा "खरीदार" से तात्पर्य परिषद की घटक प्रयोगशाला/संस्थान से है, जो संविदा की विशेष शर्तों (एससीसी) में यथा-विनिर्देशित भारत-स्थित किसी नामोद्दिष्ट स्थान से है। The "Council" means the Council of Scientific & Industrial Research (CSIR), registered under the Societies Registration Act, 1860 of the Govt. of India having its registered office at 2, Rafi Marg, New Delhi-110001, India and the "Purchaser" means any of the constituent Laboratory/Institute of the Council situated at any designated place in India as specified in SCC

(m) "अंतिम गंतव्य स्थान", जहां लागू हो, से तात्पर्य संविदा की विशेष शर्तों (एससीसी) में नामोद्दिष्ट स्थान से है। "The final destination," where applicable, means the place named in the SCC.

2.2. **संविदा दस्तावेज :Contract Documents**

2.2.1 संविदा करार में निर्धारित पूर्वता क्रम के अधीन, संविदा के सभी दस्तावेज़ों (और उसके सभी भागों) का परस्पर-संबंध, अनुपूरक और पारस्परिक रूप से स्पष्ट होना आवश्यक है। संविदा करार समग्रत: पढ़ा जाएगा। Subject to the order of precedence set forth in the Contract Agreement, all documents forming the Contract (and all parts thereof) are intended to be correlative, complementary, and mutually explanatory. The Contract Agreement shall be read as a whole.

2.3 **कपट और भ्रष्टाचार Fraud and Corruption**

2.3.1 खरीदार की यह अपेक्षा है कि बोलीदाता, पूर्तिकार, संविदाकार और परामर्शदाता इन संविदाओं के प्रापण और निष्पादन के समय पूर्ण सदाचार का पालन करें। इस नीति के अनुसरण में,- The purchaser requires that bidders, suppliers, contractors and consultants, if any, observe the highest standard of ethics during the procurement and execution of such contracts. In pursuit of this policy,

(a) नीचे निर्धारित शब्दों को निम्नवत परिभाषित किया जाता है:the terms set forth below are defined as follows:

(i) "भ्रष्टाचार" से तात्पर्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी ऐसी महत्वपूर्ण चीज़ या प्रस्ताव देने, कोई ऐसी महत्वपूर्ण चीज़ का प्रस्ताव देने, कोई ऐसी महत्वपूर्ण चीज़ देने और प्राप्त करने, या किसी ऐसी महत्वपूर्ण चीज़ की याचना करने से है, जो प्रापण प्रक्रिया या संविदा निष्पादन में सरकारी कर्मचारी के कार्य को प्रभावित करे। "Corrupt practice" means the offering, giving, receiving, or soliciting, directly or indirectly, of anything of value to influence the action of a public official in the procurement process or in contract execution;

(ii) "कपटपूर्ण आचरण" से तात्पर्य प्रापण प्रक्रिया या संविदा निष्पादन को प्रभावित करने के लिए तथ्यों के अन्यथा-कथन या लोप से है;Fraudulent practice" means a misrepresentation or omission of facts in order to influence a procurement process or the execution of a contract;

(iii) "दुस्संधिपूर्ण आचरण" से तात्पर्य दो या दो से अधिक बोलीदाताओं के बीच की उस स्कीम या व्यवस्था से है, जिसे बोली मूल्यों को बनावटी और गैर-स्पर्धी स्तरों पर प्रमाणित करने के लिए बनाया या किया जाए, जिसके बारे में खरीदार को जानकारी हो या उसे जानकारी न हो; "Collusive practice" means a scheme or arrangement between two or more bidders, with or without the knowledge of the Borrower, designed to establish bid prices at artificial, noncompetitive levels; and

(iv) "प्रपीड़क आचरण" से तात्पर्य व्यक्तियों या उनकी संपत्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानि पहुंचाने या हानि पहुंचाने की धमकी देने से है, जिससे कि प्रापण प्रक्रिया में उनकी सहभागिता या संविदा निष्पादन को प्रभावित किया जा सके; "Coercive practice" means harming or threatening to harm, directly or indirectly, persons or their property to influence their partiFCA/FOBation in the procurement process or affect the execution of a contract;

(b) जिस बोली लगाने वाले ने संविदा प्रदान किए जाने के संबंध में सिफारिश की है, यदि उसके संबंध में खरीदार का यह निश्चय होगा कि वह विचाराधीन संविदा के लिए प्रतिस्पर्धा करने में प्रत्यक्ष रूप से या अपने किसी एजेंट के माध्यम से भ्रष्ट, कपटपूर्ण, दुस्संधिपूर्ण या प्रपीड़क आचरणों में संलग्न है, तो खरीदार संविदा प्रदान किए जाने के उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देगा। the purchaser will reject a proposal for award if it determines that the Bidder recommended for award has, directly or through an agent, engaged in corrupt, fraudulent, collusive or coercive practices in competing for the Contract in question;

2.4 **संयुक्त उद्यम, सहायता संघ या परिसंघ Joint Venture, Consortium or Association**

2.4.1 यदि पूर्तिकार कोई संयुक्त उद्यम, सहायता संघ या परिसंघ होगा, तो संविदा के उपबंधों को पूरा करने के संबंध में सभी पक्षकार खरीदार के प्रति संयुक्त रूप से और पूरी तरह से दायी होंगे, और वे प्राधिकार के साथ नेतृत्व करने के लिए किसी एक पक्षकार को नामोद्दिष्ट करेंगे, ताकि संयुक्त उद्यम, सहायता संघ या परिसंघ को आबद्ध किया जा सके। इस संयुक्त उद्यम, सहायता संघ या परिसंघ की संरचना या उनके संगठन को, खरीदार की पूर्व-अनुमति के बिना, परिवर्तित नहीं किया जाएगा। If the Supplier is a joint venture, consortium, or association, all of the parties shall be jointly and severally liable to the Purchaser for the fulfillment of the provisions of the Contract and shall designate one party to act as a leader with authority to bind the joint venture, consortium, or association. The composition or the constitution of the joint venture, consortium, or association shall not be altered without the prior consent of the Purchaser.

2.5. **पूर्ति का क्षेत्र Scope of Supply**

2.5.1 पूर्ति किए जाने वाले माल तथा संबंधित सेवाएं वही होंगी, जिन्हें अपेक्षाओं की अनुसूची में विनिर्देशित किया गया है। The Goods and Related Services to be supplied shall be as specified in the Schedule of Requirements.

2.6. **पूर्तिकारों के उत्तरदायित्व Suppliers' Responsibilities**

2.6.1 पूर्तिकार वितरण और दस्तावेज़ से संबंधित संविदा की सामान्य शर्तों के अनुसार, संविदा की सामान्य शर्तों के 'पूर्ति का क्षेत्र' खंड और 'वितरण और समापन अनुसूची' के अनुसार, पूर्ति के क्षेत्र में सम्मिलित समस्त माल और संबंधित सेवाओं की पूर्ति करेगा। The Supplier shall supply all the Goods and Related Services included in the Scope of Supply in
accordance with Scope of Supply Clause of the GCC, and the Delivery and Completion Schedule, as per GCC Clause relating to delivery and document.

2.7 **संविदा का मूल्य Contract price**

2.7.1 संविदा के अधीन पूर्ति किए गए माल और निष्पादित की गई संबंधित सेवाओं से संबंधित पूर्तिकार द्वारा प्रभारित मूल्य अपनी बोली में पूर्तिकार द्वारा उद्घृत मूल्यों से अलग नहीं होंगे। Prices charged by the Supplier for the Goods supplied and the Related Services performed under the Contract shall not vary from the pric es quoted by the Supplier in its bid.

2.8 **कॉपीराइट Copy Right**

2.8.1 इसमें पूर्तिकार द्वारा खरीदार को प्रस्तुत की गई सभी ड्राइंगों, दस्तावेज़ों, डाटा वाली अन्य सामग्री और सूचना का कॉपीराइट पूर्तिकार के पास होगा, अथवा, यदि इन्हें सामग्री के पूर्तिकारों सहित किसी अन्य पक्षकार द्वारा सीधे ही या पूर्तिकार के माध्यम से खरीदार को प्रस्तुत किया जाएगा, तो इस सामग्री का कॉपीराइट उस अन्य पक्षकार के पास होगा। The copyright in all drawings, documents, and other materials containing data and information furnished to the Purchaser by the Supplier herein shall remain vested in the Supplier, or, if they are furnished to the Purchaser directly or through the Supplier by any third party, including suppliers of materials, the copyright in such materials shall remain vested in such third party

2.9. **आवेदन Application**

2.9.1 ये सामान्य शर्तें इस सीमा तक लागू होंगी कि इनका संविदा के अन्य भागों में वर्णित उपबंधों द्वारा अधिक्रमण नहीं होगा। These General Conditions shall apply to the extent that they are not superseded by provisions in other parts of the Contract.

2.10. **मानक Standards**

2.10.1 इस संविदा के अधीन पूर्ति किया गया माल और प्रदान की गई सेवाएं तकनीकी विनिर्देशनों और अपेक्षा अनुसूची में उल्लिखित मानकों के अनुरूप होंगी, और यदि माल के मूल देश के उचित प्राधिकृत मानक के अनुरूप किसी प्रयोज्य मानक का उल्लेख नहीं होगा, तो ये मानक संबंधित संस्था द्वारा जारी किए गए नवीनतम मानक होंगे।

The Goods supplied and services rendered under this Contract shall conform to the standards mentioned in the Technical Specifications and Schedule of Requirements, and, when no applicable standard is mentioned, to the authoritative standard appropriate to the Goods' country of origin and such standards shall be the latest issued by the concerned institution.

2.11. **संविदा दस्तावेज़ों और सूचना का प्रयोग Use of Contract Documents and Information**

2.11.1 खरीदार की पूर्व-लिखित सहमति के बिना, पूर्तिकार, संविदा के निष्पादन में पूर्तिकार द्वारा नियोजित व्यक्ति से भिन्न किसी भी व्यक्ति को संविदा या उसके किसी उपबंध, या किसी विनिर्देशन, योजना, ड्राइंग, पैटर्न, नमूने या उसके संबंध में खरीदार की ओर से या उसके द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के बारे में जानकारी नहीं देगा। ऐसे किसी नियोजित व्यक्ति को इनके बारे में जानकारी गोपनीय रूप से ही प्रदान की जाएगी और वह भी उतनी सीमा तक ही प्रदान की जाएगी, जितनी उसके निष्पादन के प्रयोजन के लिए आवश्यक होगी।

The Supplier shall not, without the Purchaser's prior written consent, disclose the Contract, or any provision thereof, or any specification, plan, drawing, pattern, sample or information furnished by or on behalf of the Purchaser in connection therewith, to any person other than a person employed by the Supplier in performance of the Contract. Disclosure to any such employed person shall be made in confidence and shall extend only so far, as may be necessary for purposes of such performance.

2.11.2 संविदा निष्पादन के प्रयोजन के सिवाय, पूर्तिकार खरीदार की पूर्व-लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त किसी भी दस्तावेज़ या सूचना का उपयोग नहीं करेगा। The Supplier shall not, without the Purchaser's prior written consent, make use of any document or information enumerated above except for purposes of performing the Contract.

2.11.3 संविदा से इतर उपर्युक्त कोई भी दस्तावेज़ खरीदार की संपत्ति होगा, और यदि खरीदार द्वारा अपेक्षित होगा, तो पूर्तिकार के संविदाधीन कार्य-निष्पादन के पूरा हो जाने के बाद उसे समस्त प्रतियों सहित खरीदार को लौटा दिया जाएगा।Any document, other than the Contract itself, enumerated above shall remain the property of the Purchaser and shall be returned (in all copies) to the Purchaser on completion of the Supplier's performance under the Contract if so required by the Purchaser.

2.12. **पेटेंट क्षतिपूर्ति Patent Indemnity**

2.12.1 संविदा की सामान्य शर्तों के उप-खंड 12.2 के खरीदार के अनुपालन के अधीन, पूर्तिकार किसी या सभी वादों, कार्रवाइयों या प्रशासनिक कार्यवाहियों, दावों, मांगों, हानियों, क्षतियों, लागतों, और अटॉर्नी की फ़ीस और व्ययों सहित किसी भी प्रकार के ऐसे व्ययों से खरीदार और उसके कर्मचारियों एवं अधिकारियों की क्षतिपूर्ति करेगा और उन्हें हानिमुक्त करेगा, जो (क) भारत में माल के उपयोग या पूर्तिकार द्वारा माल के अधिष्ठापन; और (ख) माल से तैयार किए गए उत्पादों की किसी भी देश में

बिक्री के कारण, संविदा की तारीख को पंजीकृत या अपंजीकृत रूप में विद्यमान किसी बौद्धिक संपत्ति अधिकार या कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, पंजीकृत डिज़ाइन, उपयोगिता मॉडल, पेटेंट-संबंधी किसी भी उल्लंघन या आरोपित उल्लंघन के परिणामस्वरूप खरीदार को उठाने पड़ सकते हैं।

The Supplier shall, subject to the Purchaser's compliance with GCC Sub-Clause 12.2, indemnify and hold harmless the Purchaser and its employees and officers from and against any and all suits, actions or administrative proceedings, claims, demands, losses, damages, costs, and expenses of any nature, including attorney's fees and expenses, which the Purchaser may suffer as a result of any infringement or alleged infringement of any patent, utility model, registered design, trademark, copyright, or other intellectual property right registered or otherwise existing at the date of the Contract by reason of:

(a) the installation of the Goods by the Supplier or the use of the Goods in India; and

(b) the sale in any country of the products produced by the Goods.

2.12.2 यदि खरीदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही आरंभ की जाएगी या कोई दावा किया जाएगा, तो खरीदार पूर्तिकार को तुरंत उसका नोटिस देगा, और पूर्तिकार अपने व्यय पर और खरीदार के नाम से उस कार्यवाही या दावे और उस कार्यवाही या दावे के निपटान संबंधी परक्रामणों (बातचीत) का संचालन करेगा। If any proceedings are brought or any claim is made against the Purchaser, the Purchaser shall promptly give the Supplier a notice thereof, and the Supplier may at its own expense and in the Purchaser's name conduct such proceedings or claim and any negotiations for the settlement of any such proceedings or claim.

2.13 **निष्पादन प्रतिभूति Performance Security**

2.13.1 संविदा प्रदान किए जाने की अधिसूचना/निष्पादन आर्डर प्राप्त होने के 21 दिन के भीतर, पूर्तिकार संविदा की विशेष शर्तों में विनिर्देशित राशि की निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा, जो वारंटी अवधि के बाद 60 दिन तक वैध होगी। विकल्पत:, यह निष्पादन प्रतिभूति उन मामलों में अंतिम भुगतान रिलीज़ करने के समय भी प्रस्तुत की जा सकती है, जिनमें आंशिक भुगतान वितरण पर और आंशिक भुगतान अधिष्ठापन पर किया जाता है। जहां लागू होगा, यह निष्पादन प्रतिभूति उन मामलों में अग्रिम रूप से प्रस्तुत की जाएगी, जिनमें पूर्ण भुगतान साख पत्र या वितरण पर किया जाता है। ऐसे मामलों में, बैंक के माध्यम से दस्तावेज़ों के परक्रामण के समय निष्पादन प्रतिभूति के प्रस्तुतीकरण को साख पत्र में शर्त के रूप में अनुबंधित किया जाएगा और बोली प्रतिभूति को तब तक वैध माना जाएगा, जब तक कि निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत नहीं कर दी जाएगी। Within 21 days of receipt of the notification of award/PO, the Supplier shall furnish performance security in the amount specified in SCC, valid till 60 days after the warranty period. Alternatively, the PS may also be submitted at the time of release of final payment in cases where part payment is made against delivery & part on installation. The PS, where applicable, shall be submitted in advance for orders where full payment is to be made on Letter of Credit (LC) or on delivery. In this case, submission of PS at the time of negotiation of documents through Bank would be stipulated as a condition in the LC and the BS should be kept valid till such time the PS is submitted.

2.13.2 यदि पूर्तिकार इस संविदा के अधीन अपने दायित्वों को पूरा नहीं करेगा, तो निष्पादन प्रतिभूति की आय उसकी इस विफलता की प्रतिपूर्ति के रूप में खरीदार को देय होगी। The proceeds of the performance security shall be payable to the Purchaser as compensation for any loss resulting from the Supplier's failure to complete its obligations under the Contract.

2.13.3 भारत में पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाली प्रस्तावों के संबंध में इस निष्पादन प्रतिभूति का मूल्य वर्ग भारतीय रुपयों में तथा विदेशों से पूर्ति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के संबंध में इस निष्पादन प्रतिभूति का मूल्य वर्ग संविदा की मुद्रा में निर्धारित किया जाएगा। The Performance Security shall be denominated in Indian Rupees for the offers received for supplies within India and denominated in the currency of the contract in the case of offers received for supply from foreign countries.

2.13.4 आयातों के मामले में, यह निष्पादन प्रतिभूति स्वामी या उसके भारतीय एजेंट द्वारा तथा देशी स्रोतों से खरीदों के मामले में, यह निष्पादन प्रतिभूति विनिर्माता या उसके प्राधिकृत डीलर/बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत की जा सकती है। In the case of imports, the PS may be submitted either by the Principal or by the Indian agent and, in the case of purchases from indigenous sources, the PS may be submitted by either the manufacturer or their authorized dealer/bidder.

2.13.5 यह निष्पादन प्रतिभूति निम्नलिखित में से किसी एक रूप में होगी: The Performance security shall be in one of the following forms:

(a) बोली दस्तावेज़ों में उल्लिखित प्रपत्र में, भारत में अवस्थित किसी राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक या विदेश अवस्थित किसी ऐसे बैंक, जिसकी भारत में क्रियाशील शाखा हो, द्वारा जारी किए गए आपाती साख पत्र या बैंक गारंटी के रूप में; अथवा A Bank guarantee or stand-by Letter of Credit issued by a Nationalized/Scheduled bank located in India or a bank located abroad in the form provided in the bidding documents. Or

(b) खरीदार के पक्ष में आदाता के नाम डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक के रूप में; अथवा A Banker's cheque or Account Payee demand draft in favour of the purchaser. Or,

(c) खरीदार के पक्ष में गिरवी रखी गई सावधि जमा रसीद के रूप में। A Fixed Deposit Receipt pledged in favour of the Purchaser.

2.13.6 जब तक कि संविदा की विशेष शर्तों में अन्यथा विनिर्देशित न हो, यह निष्पादन प्रतिभूति खरीदार द्वारा डिस्चार्ज कर दी जाएगी और किसी ब्याज की वसूली किए बिना, पूर्तिकार के निष्पादन संबंधी दायित्वों तथा वारंटी संबंधी दायित्वों के पूरा होने की तारीख के बाद 60 दिन के भीतर पूर्तिकार को लौटा दी जाएगी। The performance security will be discharged by the Purchaser and returned to the Supplier not later than 60 days following the date of completion of the Supplier's performance obligations, including any warranty obligations, unless specified otherwise in SCC, without levy of any interest.

2.13.7 किसी संविदागत संशोधन की स्थिति में, पूर्तिकार उस संशोधन की प्राप्ति के 21 दिन के भीतर, निष्पादन प्रतिभूति का संशोधन प्रस्तुत करेगा और उसे उसके बाद 60 दिन की आगे और अवधि के लिए यथासंशोधित संविदा की अवधि तक वैधता प्रदान करेगा। In the event of any contract amendment, the supplier shall, within 21 days of receipt of such amendment, furnish the amendment to the performance security, rendering the same valid for the duration of the contract, as amended for further period of 60 days thereafter.

